ईश्वर विहारि विलास

ईश्वर विहारि विलास

મહેતા કુંવરજી નાથાભાઈ કચ્છ-
માનકુવાવાળાએ તેમનાં સ્વ૦ પીતા નાથા-
ભાઈનાં સ્મરણ અર્થે રૂા. ૧૦૦) બુકમાં
આપેલ છે.

realpatidar.com



कच्छ वांढाय निवासी ब्रह्मनिष्ठ महाराजश्री
ओधवरामजी श्रीगुरु लालरामजी.
प्रणित.

श्रीईश्वर विहारी विलास;

जिसमें.

ब्रह्मनिष्ठ पूज्यपाद महात्माश्री विहारीसाहेब ओ. महाराज श्रीईश्वररामजीकी अनुभवी काव्य पद, भजन आर वांढाय द्वाराधीश सब संत महंतोंकी अत्युतम काव्य ओ. संक्षेप चरित्र वर्णित हे ॥

ताको छपाय प्रसिद्ध कर्ता.
मीस्त्री जीबराम पुंजाभाई सुत माधवजी त्रि जीवराम.
कच्छ—हाजापुर

आवृति पहेली

भावनगर,
श्री विद्याविजय प्रिन्टींग प्रेसमां शाह पुरूषोतम गीगाभाइए
मालिकने माटे छाप्युं

सने १९२६ प्रत ५०० संवत १९८३

शुद्धिपत्रक.

पृष्ठअंक.	छंदअंक.	शुद्ध.	अशुद्ध.
४०	—।—	देवासाहेबका	महाराजजीका
६२	—।—	आने	आय
७२	९	स्वामीजीनी	स्वामीश्री
७३	१५	छतां	छतो
७४	२२	क्षण	लक्षण
७५	११	भोगीयारे	भागीयारे
७६	१८	नंदनवन	नंदवन
१०८	९०	मिळके	निलके
१४१	१९५	महंत	म
१७९	२०	कर्म	कम
१८४	३०	दिल	दिज
१८६	१	प्रकाश	प्रलाश
१९१	१९	चित	चिम
२०९	५५	छप्यो	छपम्यो
२१०	५७	हरि	हिर
२१६	७८	नाभि	ताभि
२१७	८१	अति	अतिर

२२४	११०	ए उपदेश	एपदेश
२२९	१२८	ताड	सड
२३८	१६०	अनन्य	अनिन
२४०	१६९	यदुवंश	यदुवं
२४८	४	जब	अब
२६१	५	दाराविहरीकहे	दाराविहारीनां
२९१	४	राम	राक
२९१	७	प्रेमनी	जीननी
२९१	१	मेरम	मोरम
२९६	१	रुपे रमे	रुषे रमे
३०७	३	नात्म	नुत
३१२	६	अन्यव्यरक्ति	अन्मविरक्ति
३३६	४	घनइव	घनदेव
३६६	५	चित	मित
३५९	२	उपदेशात	उपददेशात
३६६	३	करछटके	शिषपटके
३९०	३	जग	जगन
३९५	१	अरुपि	रुपि
४२५	३	मसु	प्र
४३७	४	मया	थया



मीस्त्री जीवंराम पुंजा.

साखे परमार—स्थल हाजापुर.

गुरु ईश्वररामजीना शिष्य.

વિ. વિ. પ્રેસ—ભાવનગર.

realpatidar.com

कच्छ हाजापुर निवासी श्रीयुत मीस्त्रि जीवराम पुंजाभाई सुत माधवजी त्रि. जीवरामको धन्वाद.

गीयामालती छंद.

सुंदर सुजान सयान मन, पावन प्रमानीक पर्महे;
धरमी महा द्रढ धर्मधारी, सरस भारी सर्महे;
प्रति दिवस परउपकारहीके, करत उत्तम कामहे;
श्रीमान हाजापुरनीवासी, मीस्त्रिश्री जीवरामहे.
तनमनसे गुरु वचनमांहि, जाहिको विश्वासहे;
यह प्रगट कीनो प्रेमसे, इश्वर विहारी विलासहे;
अहोनिस हरिगुरु संतके, अनुकुल आठो जामहे;
श्रीमान हाजापुर निवासी, मीस्त्रि श्रीजीवरामहे.

दोहा.

सुत माधवजो सुझहे, सदगुनके भंडार,
प्रतिदिन करता प्रेमसें, पूरण परउपकार. ३

गुरु सेवामे सर्वदा, धारत स्नेह अपार;
आनंदी अविचल रहो, कायम सहपरिवार. ४

कर्ता,

ब्रह्मवेत्ता महाराज लालरामजी गुरु इश्वररामजी



વિ. વિ. પ્રેસ—ભાવનગર.

realpatidar.com

प्रस्तावना.

कच्छ वांढाय द्वाराके स्थापन कर्ता आदि पुरुष ब्रह्मनिष्ठ समदर्शि वचन सिद्ध काव्य-कोविद महात्मा श्रीविहारीसाहेबसें लेके आज-तक द्वाराधीस महंत पर्मप्रतापी प्रसिद्ध होते आये हें. तामेंसे वर्तमान समयमें महाराजश्री ईश्वररामजी महात्मा बडे भजनानंदी ओर सिद्धिवान समर्थ थें. उनोंके सुयश सर्वत्र प्रसिध्ध हे. लेकिन इनोंके यथार्थ चरीत्र और आपश्री-के बनाये हुवे उपदेशिक अनुभवी पद, भजन, आज पर्यंत प्रसिद्ध नहीं हुवे. जोकी वर्तमान समयानुसार विद्याका प्रचार विशेष होनेसे भजनानंदी काव्यके अनेक पुस्तको भारत भु-मोमें प्रगट भये है, तथापि जिसको जहांपर आस्था किंवा श्रद्धा होती हे. और जो सदा-

चारी संत पुरुषोंके समागमी याने शिष्य सेवक समाज है. उनको वे बानी अधिक असरकारक आनंदप्रद प्रीयतम होती हे ताते महाराजश्री ईश्वररामजीके शिष्य समाजमेंसे मुख्य अंजार-के श्रीमान मीस्त्री वलमजी,हीरजी, कल्याणजी. हाजापुरके मीस्त्री जीवराम पुंजाभाई तथा मावजीभाई. आदि ओर रैयाके मीस्त्री दायाभाइ करमसी, तथा जीवराम सुरजी. तथा खीमजी कानजीभाई, और चंडीगाके मीस्त्री, और मंज-लके श्रीमति साध्वी मैयाजी तथा भाटीया सेठ कल्याणजी विठलदास और सुमरी रोहाके प्रेमी पंचाणभाइ इत्यादि बहोतसे सुज्ञ सेवक सजनोंकी संमती ओर भावीक भक्तोंकी भाव-नासें पूर्वके प्रख्यात महात्माओंकी प्रसादीरूप यह अत्युतम काव्य आदी पद भजनका भंडार

रूप ग्रंथ "श्री ईश्वर विहारी विलाश" एसे नाम नियत करके उपरोक्त महान महात्माओकी सार रूप अनुभवी बानी छपायके प्रसिध्ध करनेकी पूर्वन्मे सर्व प्रेमीओकी प्रबल प्रेरणां आज सफल भइहै. क्योंको महान पुरुषोंकी नीती रीति और उनोंका आशय अत्युतम होनेसें अन्य सुज्ञ सजनोंको सुधरनेका साधन और सहायरूप होता है, तातें इस ग्रथमें महात्माश्री विहारीसाहेबका जीवनवृतांत और उनोंकी बनाईहुइ बोधिक रसिक काव्य श्रीकृष्णबाळविनोद, और हरिहर गणेश गिराओ गुरुस्तुति, कुडलीया, सुबोध कुंडलीया, उपदेसिक सवैया आदि चोविस अवतारकी कथा और अनुभवी पद राग है. तथा महाराजश्री क्षेमसागरके पद और संक्षेप वृतांत और महाराजश्री ईश्वरराम-

जीका यथार्थ जीवनचरित्र और उनोंके अत्यु-
तम पद भजन तथा लालरामजी और ओधव-
रामजीके पद भजन और अंतमें महात्माश्री
विहारीसाहेबके शिष्य नारायणदासजीके पद
और बावाश्रो देवासाहेबके शिष्य सेवारामजीके
पद और कव्वी काफी भजन और संध्या स्त-
वनमाला, नित्य नियम, सध्यापाठ और महारा-
जश्री ईश्वररामजीकी स्तुति महात्मा सामभ-
गवानकी बनाई हुई और आदिमें महात्मा हरि-
दासजी डींगरीयावालेकी बनाई हुई रास इत्या-
दि अनेक उपयोगी विषयोंसे भरपुर ज्ञान ध्यान
उज्वल भक्ति लक्षण सहीत सारग्राही सजनों-
को लाभदायक और सर्वत्र पूजनीय ग्रहमें
रखने लायक उत्तम सद विषयोंसे परिपूर्ण यह
पुस्तक प्रगट कीया है सो सर्व सुज्ञ संत महंत

और सेवक सजनों स्नेहमें वांच विचारके मनन करेंगे. विद्या और वाणीका पार नही हे तो बी अपनी मती अनुसार सब कोई प्रभु यश करके प्रसन्न होते हैं, तेसें हमनेंबी सब हरिजनोंके हितार्थ यह पुस्तक प्रसिद्ध कीया है सो आप महाश मान्य करना. एही विनती.

संवत् १९८३ विक्रमार्क.

ली कर्ता.

अथ श्रीईश्वरविहारी विलासकी विषयानुक्रमणिकाः

ॐ

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥ श्रीगुरुदेवाय नमः ॥

अथ पूज्यपाद महात्मा बावाश्रीविहारीसाहेबका संक्षिप्त जीवनवृत्तांत ।

प्रिय सज्जनो !

पवित्र कच्छदेशमें वाढाय ग्राम वर्तमान समयमें सर्वत्र मशहूर और भगवद्भजनपरायण संत महात्मा और भाविक भक्तोंको भजनानंदी माननीय माना जाता है । क्योंकी अनुपम ईश्वर सागरके तीर पर बना हुवा उतम आश्रम आपकी पर्णकुटी बगीचा वन पर्वतादि प्रत्यक्ष प्रतीत

होनेसे मानो दूसरा रम्य ऋषिकेशही दिसता है एसा निवृत्तिपरायण पारमार्थिक धामके स्थापनकर्ता आदिपुरुष बावाश्री विहारीसाहेब कच्छ भाडीया नामक ग्रामके निवासी जातिके धल संज्ञक राजपुत थे, भाडीयामें इनोंका ग्रासवास पूर्ण था.औरअच्छी आमदानी थी । लेकीन इनोका पिता मेघराजजीकी सादी वाढायके सींधलोमेंसे हुइ थी । इन संबंधके लीये मेघराजजी वांढायमें आयके सहकुटंब स्थाई निवासकरके रहे । वे बडे धर्मात्मा और संतोके समागमी श्रद्धावान् थे । यहांपर इनोको बडीवयमें प्रभुकृपासे पूर्वके संस्कारी प्रतापी पुत्ररत्नकी प्राप्ति भई संवत् १८०४ की सालमें । पुत्रजन्म होनेसे मातापिताको परमानंद प्राप्त भया. और वेराजी एसा नाम नियत कीया गया.वे बालवयसे ही बडे प्रवीण और प्रभुप्रेमी थे.

क्योंकी "पूतईीके लच्छन सो पालने पिछानीयें" बाल्यावस्थासे ही मृत्तिकाके ठाकोरजी बनाय सेवा पूजा करते और खुस होय खेलते, बालपनसे ही एसी अलौकिकता देखके सर्व आश्चर्यचकित होतेथे पंच सप्त वर्षके भये तब खेतीवाडीका काम करने लगे। क्योंकी इनोके पिताका व्यवसाय खेतीकाथा और वांढाय बडा छोटा ग्राम होनेसे विद्या पढनेका कुछबी साधन नही था। त्यों आगे विद्याका प्रचार बी कुछ कमथा, केवल पहाडी प्रदेशके छोटे गांवोंमें खेतीवाडीका कार्य ही प्रधान माना जाता है। तातें वेराजी बालपनसे ही खेतीका कार्य करते थे लेकीन अंतरात्मा इश्वरसे ही अखंडित था. ए समय मातापंथ सर्वत्र फेल रहा था, और राजपुत जातिका आदि धर्म एही माना जाता है तातें वेराजी बी दिनका अपना कार्य करते और

रात्रिका जोत पाट और जाग आदिमें जाते और प्रभुभजन करते । इनोंके मित्रवर्गमें सामतरावाले होथी बापुजी और अन्य क्षत्रियो थे । एसे सत्संगमें समय व्यतीत होते एकदिन वेराजीको यह विचार उदय हुवा की यहां पर मोक्ष होना कठिन हे कछु और प्रयास करना चाहीये । एसे विचार करते एकदिन कोइ एक भक्तसे पुछा की जीवका कल्याण किस्में है, और एसा कोइ है की कल्याणका रस्ता बतावे । तब वे भक्तने कहा की एसे तो हमलामें महात्मा बावाश्री देवासाहेब है वे समर्थ आत्मवेत्ता और सर्वज्ञ है, उनोंकी कृपा होवे तो मोक्ष होना दुर्लभ नही है । ताते कोइ निवृत्तिका समय पाइ आप हमला गये वहां पर महात्मा देवाजीसाहेबका दर्शन करके परम प्रमोद पाये ओर धनभाग सराये देवासाहेबकी अ-

नुभवी बानी सुनके निश्चय मानलीया की यहां पर मेरा कल्याण है। तातें शिष्य होनेकी इच्छा दरसाई कंठी बंधवाई अरज सुनाई की सद्गुरू उपदेश सुनाओ । तातें देवासाहेबनें सत्पात्र समज महावाक्यका बोध सुनाया, तबसे हृदय पट खुला और आत्मानंद दरसाया पीछे पुनःपुनः प्रणाम हरिहर करके आयसु पाय वांढाय आये यहां पर आय पूर्वकी प्रथानुसार खेतीकार्य करने लगे। संध्यासमय बेलको जंगलमें छोड देवे और आप रोटी वस्त्रमें बांधके रस्तेमें खाते जावे और दोडते जावे एसे निरंतर जाया करे । वांढायसे हमला सात कोस अंतराय है तो बी रात्रिके नव बजे वहां पर पोंच जावे. ओर वहां सद्गुरुकी सेवा करे। शब्द साखी सीखे सुने । आधी राततक सत्संग भजन करे. फेर वहांसे चलके

सवेरमें वांढाय आय अपने कार्य करने लगे. एसे प्रतिदिन करते भये तब कितनेक लोगोंने इनके पिता मेघराजजीसे कहा की तुमारा पुत्र वेराजी हमेस रात्रिका हमले जाताहे ओर साधु हो जाय गा. तातें इनका संबंध करके लग्न कर ल्यो की जिससे वे गृहव्यवहार निभावे और वंसवृद्धि होय एसे सुनके मेघराजजी विचारा की अब ए पुत्रकी सादी करनी चाहीयें तातें शीघ्र ही संबंध कीया और विवाहकी तैयारी करने लगे। बावा वेराजी को यह बातकी मालम हुई बडे शोचको पाए. और रात्रिका सद्गुरु देवासाहेब पास जायके रोने लगे बावासाहेबने कहा की बच्चा क्या है. तब करजोरी कहने लगेकी सदगुरू मेरे पिताने मेरा सबंध करके फसाया मेरकुं साधु होना है और आपकी सेवा करनी हे संसारमें रहेना नही हे लेकीन मेरा सबंध कर दीया अब में

इस बंधनसें केसें छुटुंगा ए बडा शोच होता हे तब देवासाहेबने कहाकी बच्चा ! सोच मत-कर क्योंकी गृहस्थाश्रमका जो तीन ऋण हे सो उतार ओर एक पुत्र होनेसे संसार त्यागना.एसा वेदवाक्य हे, तातें शास्त्र आज्ञानुसार गृहस्थाश्रम भोगके एक पुत्र होने पीछे हमारे पास आवना. । ओर संसार छोड साधु होना एसा सद्गुरुका वाक्य सुनके कछु धीरज पाई. वांढाय आये और गृहकार्य करने लगे, कुछ समय बाद धल मेघराजजीनें बडी धामधुमसे अपने पुत्र वेराजीका विधिवत् विवाह कीया. पुनी प्रभुकृपासे एक पुत्र-जेठूजी तथा एक पुत्री बाश्रीहरिबा एसें दो संतान होये, कुंवर जेठुजी जब कछु कामकाज लायक भये तब गृहव्यवहार इनको देके अच्छी रीत उपदेश दीया ओर कहाकी देख बच्चा ! तेरा जो पुत्र होवे उसमेंसे एक पुत्र जगामें देना, एसें कही

के आप चलदीया ओर हमला आये बावाश्री देवासाहेबके पास दीक्षा लिया, कछुदिन गुरूसंग रहीके सेवा बंदगी बनाई, फेर विदेशमें संतसमागम ओर तीर्थाटन करनेको गये वे समय रेलगाडी आदि साधन नहि होनेसे पाउंप्यादे जाना पडता था। तातें बावाश्री विहारीसाहेब प्यादे चलके केदारनाथ, बद्रीनाथ, रामनाथ, जगन्नाथ वेजनाथ, पुष्पतीनाथ, कासी, अयोध्या, द्वारिका आदि चार धाम करके गंगाजीसे जलका लोटा भरके विचरते विचरते कच्छ हमलापुरि आये ओर सद्गुरु बावा देवासाहेबको गंगाजलसे अनुवाए कछु दिन रही टेलबंदगी बनाई, पुनी आज्ञा लेके वांढाय आये, तहां पर सींधल बापुजी तथा मानसिंहजी व वजाजी, ओर मेघजी, जुणाजी आदि सब बंधु वर्ग मिलीके बावाश्री विहारीसाहेबको कहाकी अबी आप यहां पर रहीके भगवद् भजन करो, हम

सब यथाविधि स्नेहसे सेवा करेंगे। एसे आग्रहसे सबने ठहरनेका कहा. ओर दो खेत श्रीकृष्णार्पण दीये, तब बाबासाहेबनें बीं विचार कीया की ए स्थल भव्य भजन लायकहे क्योंकि, दोहा

"रम्य प्रदेश रसाल घर, अरू सब विध एकंत।
जल पर्वतका योग जहां,तहां पर रहेवत संत॥

तातें एस्थल परमपवित्र हे एसें समजके जगा बनाइ आप रहने लगे आप बडे भाग्यवान्‌थे तातें परमात्माकी कृपासे प्रतिदिन परमानंद हो-वन लगा। अपरंच आप भजनके प्रतापसे बडे स-मर्थ याने वचनसिद्ध महाकवि थे, इनोंकी काव्य-शक्ति बडी अलौकिक हे क्योंकि आप भजनानंदी ओर पूर्वके संस्कारी ओर बडे बुद्धिमान्‌थे। एक-समय सुनाहूवा छंद की पद आप बोल देते। एसी स्मरणशक्ति भारी तेजथी त्यों आप पिंगल आदि

साहित्य पूर्ण पढे हुवे थे, कच्छ खाखरके जाडेजा उनडजी बडे प्रसिद्ध कवि थे, जिनोंने " भगवत-पिंगल" "खुसबो कुमारी" आदि नूतन काव्य निबंध किये हे। उनकी पासमें बावा श्रीविहारीसाहेब भी पढे हुवे थे, तातें बावासाहेबकी बनाई काव्य बडी छटादार ओर रसिक हे, ओर उत्तम काव्यमें गिनी जाती हे। कहाहेकी दोहा—

" सालंकारा रसवती, निर्दोषी पहीचान ।
अवरेवा लक्षणवती, सुकविराचित वर मान.१"

प्यारे काव्य तो दैवी शक्ति हे ओर वदको अंग हे। केवल दीया लीया,की आया पाया एसे प्रास मिलनेसे कविता नाहि होती। काव्यका काम तो बडा कठिन हे। ओर कविपद भी बडा दुर्लभ हे कहा हे की दोहाः—

"सुकवि सोइ जानो सुधर, काव्यसृष्टी करतार।
पालत पोषत लय करत,निजइच्छा अनुसार"

फिर काव्यके लिये कहा हे की, दोहा—

"अरी हुंसराहे बुध इव, सभा बीच सरसाय।
शव्द कहत सुंदर अरथ, कविता सो कहवाय."

कविता अमोल हे ताके लिये कहा हे की,दोहा.

"तीन लोकमें काव्यका,करि न सके को तोल।
भासे यह ब्रह्मांडमें, कविता वस्तु अमोल ॥"१

एसें विहारीसाहेबकी कविता भी अमूल्य ओर अतिमधुर हे। सो यह पुस्तकमें वांचके सब संत सज्जनो समज लेंगे। यहां विशेष कहनेसे ग्रंथविस्तार बढ जाय तातें अब में मेरे आदि विषय पर आता हुं,बावाश्री विहारीसाहेबके बंधु हरिदासजी थे सो प्रथम शिष्य होइ भेख लीया। पीछे

कानपुरके क्षेमदासजी भेख लेके संगमें रहने लगे पुनि पुनडीके नारयाणदासजी और राघवदासजी दीक्षा ले शिष्य भये। एसे बावाश्री विहारीसाहेब-के बडे चार शिष्य थे । इनमेंसे आदि शिष्य जो हरिदासजी थे तिनको वांढायकी जगा देके आप बंबई पधारे थे। पीछे भावीकी प्रबलता ओर शरीर क्षणभंगुर होनेसे सद्गुरु श्रीदेवासाहेबका शरीर शांत हो गया । ताका दुःखद समाचार आप बंबईमें सुनके बडे उदासीन होयके सोच करने लगे की अहोहो !! सद्गुरुके दर्शनकी अ-भिलाषा मनमें रहगई । अहो दैव ! अंतमें दर्शन भी नही दीया । एसे व्याकुल होयके आप हमला आवते भये । रस्तामें वियोगदर्शक नूतन लावनी बनाई "स्वामी आये तुम सरनं, गुरू तुम हो जगतारन तरनं" इत्यादि चार लावनी बनाई । जब वियोगमें व्याकुल होयके गद्गद

कंठसे सद्गुरुका स्मरण करके बोले तब सर्वत्र पूरण करुणरस छाइ रहा और साक्षात् स्वामी देवासाहेबने दर्शन देके दीलासा दीया। ओर मस्तक पर हस्त रखके कहा की, बच्चा ! तेरी भावना अतिउत्तम हे मैं तेरे पर प्रसन्न हूं। प्यारे ! खुश रहो प्रभुका भजन करते रेना। एसे कहीके आप अंतर्ध्यान हो गये ओर विहारी-साहेब संतोष पायके हमला आए। गुरुद्वारामें आयके आपके गुरूभाइयोंसे ओर संतसेवकोसें मिले। पीछे सर्व मिलके गुरुदेवका बडा भारी महोत्सव कीया। तहां पर सर्व संत महंत साधु समाज ओर भक्त सेवक सब एकत्र हुवे थे। ता समय सब हरिजन सेवक तथा सर्व संत महंत विचारने लगे की बावा श्रीदेवासाहेबके शिष्य तो अनेक हे परंतु बडे शिष्य चार हे। ताके नाम दोहाः—

जेष्ठ सु जेठीरामजी, विहारीसाहब जान ।
सुखप्रद सेवारामजी, कृष्णदास अनु मान ॥ १

एसे चार शिष्य हे । तामेंसे बडेको गादीपें बेठाना चाहीये । जब चदर औढानेका समय भया तब सब मिलके जेठीरामजीको गादी बेठने कहा तब जेठीरामजीने ना कही कि हमसे ए उपाधि नहीं बने,हम तो भजन करेंगे । कृष्णदासजीको कहा तो उसन तो कोटडीमें अपनी अलग जगा बांधी थी । सेवारामजीने सिंधमें बहुतसे द्वारा टिकाणा स्थापें थे । तातें जब तीनोंने ना कही तब बावा श्रीविहारीसाहेबको कहा. जो की बावाश्राने भी वांढायमें जगा बांधी थीं, लेकीन सब संत महंत और सेवकोंने आग्रह कीया कि आपका गुरुद्वारा हें,सो आप जब नही समालोगे तो बिगड जायगा । तब विहारीसाहेबने कहा कि

मेरी अवस्था वृद्ध हूइ हे तातें अब मेरा जिवन द्वादस मासका हे । तो बी जब आप सबका एसा वचन हे तो मे मान्य करता हूं । परंतु आप बी मेरा एक वचन मान्य किजे की बाबा-साहेबके वंसका छोटा लडका जो रामसिंहजी हे उसको में अंकमें बेठायके गादीये बेठुंगा तब सबनें कबुल कीया । और देबासाहेबका पौत्र रामसिंहजींको अंकमें लेकर बिहारीसाहेब गादी पें बेठे । पीछें अपना शिष्य जो क्षेमदासजी अ-च्छे पढे हूवे थे : तिनको आज्ञा करी की तुम रामसिंहजीको पढाओ । ताते वे पढाने लगे और आप एकांतमें बेठ भगवत भजन करते और न-नविन हरियश काव्य बनाते । एक " कृष्ण बाल-विनोद" नामका बडा रसिक छोटासा ग्रंथ बनाया हे और "गुरुस्तुति" तथा प्रस्ताविक कुंडलीया" और हरियश चोवीस अवतारकी कथा तथा पद

राग आदि अनेक अनेक उपयोगी बोधिक काव्य बनाइ हे। सो आजतक अप्रसिद्ध रही परंतु कितनेक भाविक भक्तोंकि भावनासें यह पुस्तक संपूर्ण शुद्ध करवायके प्रसिद्ध किया हे ताकी उत्तमता वांचनेसे ही विदीत होगी।

एक दिन बावा श्रीविहारीसाहेब वांढायसें हमलाको जाते थे संगमें वांढ ग्रामके पीर कमलशा बी थे सो राहमें चलते चलते वार्ता विनोंद हो रहा था। तब आगे चलते सब वृक्ष हरे और एक तरु सूका देखके कामलशा पीरने कहाकी बावा सब वनस्पति प्रफुलित और हरी हे परंतु ए एक वृक्ष सूका हो गया हे इसको बी आप हरा करो तो अच्छा तब वावाने कहा की पीरसाहेब आप उसको हरा सुतरु किजे। एसी आपसमें संवाद करते पीरसो वृक्ष हरा हुवा नहीं।


तब बावा श्रीविहारीसाहेबने इश्वर स्मरण करके ओही समय वे वृक्षको नवपल्लव कर दीया, एसें अनेक परचा पूरे हे। परंतु यहां स्थल संकोचसे विस्तार नही किया। एसे समर्थ प्रसिद्ध महात्माओंका जीवन चरित्र सर्वत्र प्रचलीत हे तथापी संक्षेपसें सर्व सेवक सज्जनोंके हितार्थ छपाय प्रसिद्ध किया हे सो आप सब सुज्ञ स्वीकार लेना एही विनती हे।

बावा श्रीविहारीसाहेब विशेष हमला रहते थे परंतु जब देह छोडनेका समय आया तब आपनें जाना कि अबी वांढायमें जाना चाहीयें क्योंकि आप तो अंतरजामी थे तातें वांढाय आये ओर दो दिन ठहरके सहजमें शरीरको छोड स्वधाम सिधाये।

दोहा.

जिनही अपनी जगतमें पूरण राखी टेक,
अवतारी एसे भये, आगे संत अनेक. ॥१॥
मानतहे जन सर्वदा, जानत सदगुन जेह,
अजहूं जाको जगतमें कायम किरतीदेह. ॥२॥

ली. कवी मेघराज हमीरजी.
कच्छ घणोई.



ब्रह्मनिष्ठ महात्मा महाराज ईश्वररामजी गुरु क्षेमसाहेब



जन्म सने १८९५	देहोत्सर्ग
आश्विन सुदी २ सोमवार	संवत १९५३ अशाड वदी १
नादरा–कच्छ.	**मु॰ वांढाइ.**

वि. वि. प्रेस–ભાવનગર.

realpatidar.com

सद्धर्म प्रवर्तक स्वामीश्री क्षेमसागरका संक्षिप्त जीवन चरीत्र।

बावाश्री विहारीसाहेबके सद्वर्तनशील शिष्य क्षेमसागर थे सो बी बडे प्रतापी और भजनानंदी थे. इनोका जन्म पवित्र देवजाती चारण कुलमें मंजल गावमें भया. वे प्रज्ञाचक्षु थे लेकीन बडे विद्वान और वचनसिद्ध थे, आदिमें अपने दीक्षा लेके गुरुकी सेवा बंदगी बनाई. फेर आप सेवकों में विचरने लगे. और सदुपदेशद्वारा अनेक आश्रित जीवोंको उधारने लगे और विशेषमें हमलामें गुरुकी आज्ञानुसार बावा श्रीराम-

सिंहजीको पढावते और अपने शिष्य सहीत ह-मलामें रहते.

स्वामीश्री क्षेमसागरके महान शिष्य महा-राजश्री ईश्वररामजी बडे पुरुषार्थी थे वे संगमें रहते और तनमनसे सेवा बजावते, इनोंका संपूर्ण यथार्थ जीवनचरीत्र आगे लिखाहे, सो देखनेसें विदीत होगा.

जब बावाश्री रामसिंहजीका अभ्यास परिपूर्ण हूवा और आप लायक वयके भये तब जगाका व्यवहार सब सुप्रत करके स्वामीश्री क्षेमसागर नागरेचाको पधारे. नागरेचा जागीरदार ठाकोरश्री चांदाजी बडे चतुर और उत्तम वैष्णव थे, वे समय ओर बी बडे हरिजन गृहस्थ थे, उ-नोंनें बहुत सेवा करी. और ठाकोरश्री ने एक खेत कृष्णार्पण दीया. और जगा बांधके अखंड रहनेका

अत्यंत आग्रह कीया. तथापी आपने जानाकी गुरुकी जगा सामने अपने जगा बांधनी नहीं. एसें विचारके एक वर्ष तक रहे परंतु जगा बांधी नहीं. फिर भीमपुरके जाडेजा मुरवाजी आदि भ्राता मिलके स्वामीजीको भीमपर लेगये. वहां बडे भावसे सेवने लगे, ए छोटेसे गांवमें आगे कोइ मंदिर नहीं था, जिससे जाडेजा मुरवाजी आदिकने कहाकी सर्वज्ञ स्वामीजी आप जेसे महात्मा पधारे ओर ए ग्राम पवित्र न हो, तब तो हमारे दुरभाग्य. शास्त्रकारोंने कहा है कि जो ग्राममें कथा कीर्तन नही है और देवदर्शन नही हे, सो गांव सून्य जैसा है । तातें आप महात्मा हो तो आपके पधारनेसे हमारा ग्राम पवित्र होना चाहीये. एसी अरज करी तब स्वामीश्रीने कहा की अच्छा जो आप सब भायोंका

भाव हे तो में जगा करुं लेकीन कायम निभाव होना चाहीये। तातें गांवधनी सब भाइयोंने मिलके पंच प्राजा जमी दीनीं। और उपजपें कलसी पर चतुर्थ पाटी लागा ओर दीवेल आदि सब लेख पत्र कर दीये. और यहांपर श्रीरघुनाथजीका सुंदर मंदिर बनाया। और जगा बांधी आप रहने लगे। कछु दिन रहे फिर आपतो विरक्त महात्मा थे तातें जगा अपने एक शिष्यको देके आप कानपुरमें माताजी देवलबाइके पास आयके रहने लगे। और यहांपर अच्छी रीत परमारथ करने लगे। क्योंकि माताजी देवलबाइके आप संसार संबंधमें काका होते थे और देवलबाई बडे दयालु ओर देवी अवतारी थे। और वे समय संपतीमें सबतें इनका घर अग्रेसर था।

नामदार खुदाविंद कच्छाधीपति महाराओश्रीके वोरे कहे जाते थे एसी असंख्य संपती

थी और ताका सदव्यय हो रहा था और बावा श्रीक्षेमसागर बी अपने शिष्य इश्वररामजी सह तहांही रहीके संत सेवा करते थे ।

एक समय आपको एसा स्फुरण होया की हमारे माता पिताकी क्या गती होइ सो हमारे जानना चाहीये, तातें आप कोटडी बंध करके बेठ गये । अखंड रामनामकी एसी धुन लगाइ की खाना पीना बी भूल गये और अपने शिष्य समाजको बी कही दीया था कि हमारे भजनमें भंग करना नहीं । एसें खटमास जब शुद्ध मन से एकाग्र चितसें प्रभु स्मरण किया, तब तो प्रभु प्रसन्न होयके स्वामीश्री क्षेमसागरके माता पिताको रात्रिके समय भेजा । ओर आइके कोटडी खुलाने लगे तब स्वामीश्रीने कहा की कोन है तब उनोने कहा की हम तुमारे माता पिता हे,

तब आपने माना नहीं, तब फेर उनोनें निसानी देकर निश्चय कराया की हमारे पेरनेके वस्त्र पाट पर पडे हैं । सो हमको देओ हम हीमालय जाते हैं. एसें सुनके आपको प्रतीत आई ओर द्वार खोला. ओर प्रणाम करके मिले तब उनोंने कहा की बचा ! तुमारे भजनके प्रभावसें अब हम उत्तम गतीको प्राप्त हुवे हैं, तुं सप्त गोत्रके तारनहार हे तातें धन्य हे । अब हमारा सोच नहीं करना ओर हमारे जो वस्त्र हे सो ब्राह्मनको देना एसे कहीके आप अंतर्ध्यान हो गये ।

अतएव आसंबीयाके बाश्री गंगाबाके आमंत्रणसे आप आसंबीया जाते थे रस्तेमें वेकरा रामपुर आता है, तहां आये. वो समय दैव इच्छासे एसा योग बना की वेकराकें भीमाणी गजणजी अच्छे हरिजन थे । घरमें संपति थी, लेकि

न संतती सुख नहीं था तातें निरास होइके जनाना सह हरिद्वार, कासी आदि तीर्थाटन करने को जाते थें। सो बावाजीको आये देख बडा आनंद पाया और आग्रहसे ठहराया तब स्वामीश्रीने तैयारी देखके पुछाकी भक्तराज अबी तीर्थ करनको क्यों जाते हो। तव ठाकोरने कहा की महाराजजी संसारमे कछु स्वारथ हे नहीं तातें अब तो जाते है कछु स्व करसें परमारथ करे और तीर्थ, वृत करी आवे तो एही अंतमें कामका हे। पीछे ए ग्रास चास कोइ कामका नहीं हे। संसारमें पुत्र बिना जीवन वृथा हे।

कविने कहा है कि

छंद त्रोटक।

बिन धर्मसु ज्यों वरराजनहे,
विधिके बिन ज्योंहि प्रजाजन हे;

बिन ज्ञानसु जानिय योगि जनो,
पुनि दान बिना वित व्यर्थ गिनो. १
तपके बिन ज्यों वृत व्यर्थ लिना,
अरु जानिय गीत सुकंठ बिना,
युध सूर बिना जिम नाहि लसे,
गज मंद गती बिन नां विलसे. २
बिन तेजसु व्यर्थ दिवाकर हे,
बिन रत्न वृथा रत्नाकर हे,
धन हीन वृथा जिमिही जन हे,
तिम पूत्र बिना धिक जीवन हे. ३

एसी रीत जब गजणजी बहुत दिलगीर हुवे तब स्वामीश्रीको दया आई और प्रभु स्मरण करके बोले की ठाकोर दिलगीर नहीं होना। ईश्वर सब अच्छा करेगा। सोच मत करो, तुमारे ग्रह पुत्र आयगा तुमारा मनोरथ सफल होयगा

सहज तुमको तीर्थाटनको जाना होय तो ठीक है । लेकीन तुमारी मनकामना परमात्मा यहांपरही परिपूर्ण करेगा । अर्थात् आपको पुत्र प्राप्ति होयगी परंतु पुत्रका नाम हमारे पास यहां आयके देना एसें आसीस दे अभय करके संवरे आप आसंबीया पधारे और कछु दिन बाश्रीके पास बिराजे पीछे आप कानपुर आये ।

यहांपर वेकरामें नव मास पूर्ण होते भीमाणी गजणजीके गृहे पुत्र रत्नकी प्राप्ति भई । वृद्धापनमें कुंवर जन्म होनेसें बधाई परी । बडा बडा आनंद पाया । कछु दिन पीछे भीमाणी गजणजी जनाना सह वर्तमान वेल करके कुमारको संग लेके कानपुर आये । स्वामीश्री क्षेमसागरके चरनोंमें शिर नमाये. आनंद पाई नाम देनेकी अरज सुनाई । तब स्वामीश्रीनें शिरपर

कर देके संतदास नाम दीया। तव भीमाणी गजणजीने कोरी एक सहस्त्र रोकडी स्वामीजीके चरनोंमें भेट धरी। स्वामीश्रीने सो कोरी वांढाय में अब जहां मानसरोवरसा मनोहर ईश्वरसागर तडाग हे। तहांपर प्रथम बावाश्री विहारी साहेबका कराया हूवा खडीया (नद) था। तामें उपरोक्त कोरी खरचके खागेत्रा कराया. ओषट अष्टमास पानी ठहरे एसा ठीक बनाया। पुनी आपका शरीर वृद्ध होनेसें देह त्यागनेका समय आया। तव माताजी देवलवाई रोने लगे। ओर कहने लगे की।

सोरठा.

हे मायला आधार, कथा कवण संभलावसे।
सदगुरु विण संसार, दीवस जासे दोहेला॥ ”

एसे जब विशेष व्याकुल होने लगे। तव

स्वामीश्री क्षेमसागरने देवलमाको दिलासा दे सदोपदेश दीया। आप जेसे आत्मवेताको नासवंत देहको शोक करनो योग्य नहीं। एसें समजायके अपने शिष्य ईश्वररामजीसें कहा की देख बचा, माताजी देवलबाईका शरीर हे तब तक तुमारे यहांहीं रहेना। ओर नियमीत कथा सुनाना। ए हमारा बचन पालन करना। एसी रीतसें घीरज दे शांती करवायके आप असार संसारको त्यागके स्वधाम सिधाये। इत्यादि स्वामीश्रीके अनेक सदचरीत्र है जाको पार नहीं परंतु यहां बुद्धि अनुसार यथार्थ संक्षेपमें जनाया है सो मान्य करना। किम्बहुना ?

ॐ

पूज्यपाद ब्रह्मनिष्ठ जगदवंद्य महान महात्मा महाराजश्री ईश्वररामजीका जीवन चरीत्र।

स्वामीश्री क्षेमसागरके सदगुनवर्य शिष्य ईश्वररामजीका जन्म भानुसाली कटारमल कुलमें कच्छ नादरा ग्राममें संवत् १८९५ का आश्विन सुदि २ सोमवार के रोज भया। इनके पिताका नाम हंसराज और माताका नाम कुंवरबाइ था। वे आदसे खेती वाडीका कार्य करते और रदयके बडे निरमल ओर दयावाले थे। साधु संतकी सुद्ध मनसे सेवा करते ओर अपने

पुत्र ईश्वर पर बडी प्रीती रखते । ईश्वररामजी बालवयसे ही बडे चमत्कारी व संस्कारी थे। जन्मसेही महाराजका शरीर बडा तेजवान और मोहक था. बानी बी बहुत मधुर थी । तातें सबको पर्म प्रीय लगते । और आप बालवयसे ही प्रभु भजन करते बेठते उठते और रस्तेमें चलते हरदम प्रभुका स्मरण लगा रहेता । रामनाम क्षण बेर बी छोडते नहीं जेसे कविने कहा है

कवित.

आवत हुं जातखात खेलत खुलतगात
छींकत छकात चुप चाप व्हेन रहीये,
कहे पदमाकर परेहू परभात प्रेम,
पागत परात परमातमा न जहीये,
बेठत उठत जात जागत जंभात पुनि,
सोवतहूं स्वपने न ओरे नाद नहीये,

रैंन दिन आठो जाम राम राम राम राम.
सीताराम सीताराम सीताराम कहीयें. १

एसे अहोनिस इश्वर नामका उचार करतें एक रुप होय जाते. जब चतुर्थ वर्षके भये तब कच्छमें दुस्काल होनेसें इनके माता पिताके साथ सिंधको गये वहां जुरडा नामक ग्राममें रहने लगे और खेती करते। दैव योगसें इनोके माता पिताका शरीर सिंधमेंही छुट गया। जिससे आप अकेलेही रहे ओर कोइ नहीं था। लेकीन तहांपर अपनी फुइ थी सो अपने साथमें रखके प्रेमसे पालन करने लगी। आप फुइके साथ सिंधमें जुरडामें रहते थे। तहांपर साधु अरजणदासजी थे उनोंके पासमें सत्संगके लिये फुइके साथ जाते तहांपर आप बाल वयसेही प्रभु परायण होनेसे शब्द, साखी सीखते ओर हिंदी अक्षर बी वे

महात्माने दया कर सीखाये । एक दिन आप हरला हांकते थे तब अचानक तामें पांउ आय गया तासें एक पाउमें खोट रह गई अरु चलनेमें कछुक शरीर परतंत्र हो गया. तातें उलटा आप आनंद पाया ओर मनमें विचार किया की परमात्माने बडी दया करी अच्छा किया की अबी सुखसें बेठे भजन होयगा । जैसें कया है किः—

॥ दोहा ॥

भक्त बीच पलटे नहीं, जो जुग जाय अनंत;
उंच नीज घर अवतरे, तोउ संतको संत. ॥१॥

तातें पूर्वका संस्कार होता है तब अचानक सकल अनुकुल संयोग आय मिलता है तेसे ईश्वररामजीको बी सुयोग प्राप्त भया. परंतु इनकी फुई ओर दूसरे सगा सबंधी मिलके महाराजश्रीका समंध करनेको प्रयत्न करने लगे. तब

इन बातकी साधु अरजणदासजीको मालम हुइ. तब आप विचार कीया कि ए कोइ महा चतुर ओर संस्कारी जीव है पूर्वका कोइं योगभ्रष्ट है, इनको भक्ति लगी हे. आगे पर वे बडा प्रतापी महात्मा होवेगा, इनकी रहेणी करणीसें जाना जाता है की ए कोइ ईस कोटीका अवतारी जीव है, ताको संसारमें फसायके दुःखी करेंगे. तातें इनको छोडाना चाहीयें, एसें समजके ईश्वर-रामजीको बुलवायके कहाकि देख बच्चा यहांपर तुमारी फुई आदि फसानेका फंद करते है- तातें संसारमे तुमको दुःख होगा । लेकीन जो सुख ईछते हो अर्थात् संसार सागरसें पार उतरने चाहते हो तो कच्छमे हमला देवासाहेबके द्वारे में जाओ । ओर तहां साधुबन जाना. तातें तुम पर प्रभु प्रसन्न होगा । एसें कहा तब तो ईश्वर-

रामजीको बी ए उपदेश बडा उत्तम लगा. ओ समय कच्छके साधु सिंध आए थे तातें अरजणदासजीने उनोंके संग करदीया, और उनोंको कहाकि ए लडकाकों कच्छमें लेजाना ओर समालके हमले छोडना. एसें इनको कर्म योगसे सुयोग प्राप्त भयो. तातें साधुओं के संगमें चल दीयाः । पीछे फुई बडे व्याकुल हूइ सोच करके बेठ रहे । और आप चलते चलते कछू दिनमें हमला आये । तहां ब्रह्मवेता स्वामीश्री क्षेमसागरके पास शिष्य होई भेख लीया । जबसें सद्गुरु स्वामीश्रीने गुरु दीक्षा दे महा वाक्यका बोध कीया तबसे आप संगमें रहेके सेवा करने लगें । स्वामीश्री क्षेमसागर हमलामें रहेके बावाश्री रामसिंहजीको पढावते ओर महाराजश्री ईश्वररामजी भंडार करते ओर अति भावसें संतोकी सेवा बंदगी

करते थे। पीछेसे महाराजश्रीने अपनी फुइको बी सिंधसें बुलवायके हमलामें रखे थे. उनकी पूर्ण पालना करी। अंतमें जब फुइका शरीर छुट गया तब आपने पीछे अच्छा महोत्सव कीया. और दान पुनसे फुईकी सद्गती करी। हमलामें वे समय बहूतसें संतजनो रहते थे ता सबकी रसोई करते आपको पडनेका एसा प्रेम था की दो तरफ दो दो चुला था ताके पर तई रखके रोटी करते जाय ओर सामने पुस्तक रखा होवे. तामेसें शब्द साखी सीखते जाय। फिर सर्व संतोको भोजन पिरसके सहसा जायके संतोकी पथारी (आसन) स्वच्छ करके हुका सुलफी भरके तैयार रखे. जब लग संतजनो हुकादि पीके. निवृत न होय, तबलग आप प्रसाद न ले वांसण मांझके भंडारा बंद करके चरण चंपी करनेको

हाजर हो जाय । संत महात्माओमें समभावनासें भगवतरुप जानके सेवा करते. एक रोज सब संतो को जिमाय आप न जिमे. और भंडारा बंद करके माहात्मा बावाश्री देवासाहेबकी चरनपादुका पास हस्त जौडके रोने लगे. और विनतीं करने लगे कि गुरुमहाराज, मेरे पाउं सीधे कर दीयो तो में संतोको पानी भरके पिलाउं, तबतक मेरे पाउं अपवित्र हे सो आप सीधे करके पवित्र करदीजे. एसें स्तुति करके पादुका पकडके रोने लगे । जब सारा दिन वितीत होया । तब दुसरे संतोने स्वामीश्री क्षेमसागरसें कहा की आपका चेला तो मंदिरमें रोता हैं तब स्वामीश्री आये और धीरज दे कहा किं बचा रोना नहीं । क्या सबब हे सो सुनाओ । तब महाराजजीनें करजोरी कहा की मेरे संतोको

पानी भरके पीलाना है। तातें देवा साहेब दयालु है सो मेरा पाउं सीधा करदेवे । तब स्वामीश्रीनें कहा की बचा, अपने गौ भेख साधु हे तो गुरूके आगे एसा हठ नही करना । जो ईश्वरका नेत हो सो बदलेगा नही । जा तेरी भावना सफल भई. तु जो सेवा करता हे सो बहूत हे, एसें गुरूके वाक्य सुनके आप शान्त होयके पीछे पूर्वकी प्रथा अनुसार सब सेवा करंने लगे. पुनी गुरूसाहेब जब सेवकोमें विचरनेको पधारते तब आपबी गुरूकी सेवामें साथही विचरते. एसे फिरके कानपुरमें आये. कानपुरमें कछु काल ठहरके आनंद कीया, फिर सदगुरु स्वामीश्री क्षेमसागरका शरीर शांत हुवा. तब पीछे सब क्रीया करी, आप कानपुरमें रहने लगे, क्योंकी आदमें गुरुकी आज्ञा हे. तातें माताजी देवलबाईको कथा सुनावते. और भजन करते,

माताजीनें अपने पुत्र मानसुर और देवकरण. ए दोनोसें कहाकी बेटा, अपने डेरे पासमें कोइबी आदमीके पसुपक्षी जास्ती शब्द करके महाराजजीके भजनमें भंग करें नही. ताके लीये खास अपना दास जो सीदी हे ताको महाराजश्री की सेवामें चोकी करनेके लींये रखना, माताजीके बचन अंगीकृत करके पुत्रोनें सीदी पठाइको द्वार बाहेर बेठाया था की वे काक आदी पक्षीयोंको कोलाहल करने नही देवे, महाराजश्री एसें भजनी थे की महाराजजीको काक आदि बोलते सो बी उपाधीरुप लगता,तातें सीदीको बेठाया थाः तहांपर रहीकें महाराजजीने वीस वरस भगवद् भजन किया और अनेकनके इच्छित कार्य कीये. वहां प्रथम एक परदेसी सरीर रामदासजीको शिष्य कीया. ओर

दुजा वांढायके घलवंसमें बावाश्री विहारी साहेबके पौत्र प्रीयादासजीको भेख दीया. और प्रीयादासजीको आप गुरुद्वारमें अपना काका गुरु बावाश्री हरिदासजीकी सेवामें वांढाय रखा और आपबी दो चार मासमें कानपुरसें दर्शन देनेको आवते जाते. ओर जो कछु वस्तु चैयें सो भेज देते, और एक बाई तेजबाईफुइ. मुंद्रावाले जो वृद्ध शरीर और बडी भावनावाले थे ताको बीं वांढाय द्वारेमें रसोई आदि टेल करनेके लीये रखे थे. आप कानपुरमें रहीके बहुत परमारथ करावते, और संत सेवा करते, संतमहात्माओंपर आपकी बडी दया थी तातें कितनीक मुरती पासमें रहती.

अतएव महाराजजीका शिष्य उकेडा भक्तथा. ताके शिष्य बावा हरिदासजी तिसके रणछोडदासजी थे । तामें बावा हरिदासजीके शिष्य

सामभगवान सो कानपुर महाराजश्रीके पास पडनेको आये. सो पासमें रहीके पडते थे. परंतु सामदासजीकी बुद्धि मंद थी, तातें विद्या पडनेमें बहुत परिश्रम करे तो बी पाठ होवे नहीं । एक दिन भाग्य वशात् एसा योग बनी आया कि सामदासजी बेठे पाठ याद करते थे लेकिन पाठ कंठस्थ होवे नही तब खेद करके भीतिमें मस्तक पछारने लगे. वोही वख्त अचानक महाराजश्री आप आयके देखा. और मस्तकपर हाथ रखा. ताके प्रभावसें तत्काल हृदयपट खूल गया. । ओर विद्या स्फुरने लगी. तब प्रथम ही सामभगवानने महाराजश्री ईश्वररामजीकी स्तुति के त्रयोदश नविन दोहा, छंद बनाये बोले। जो अद्यापि संध्या समय पाठसें पहेले बोले जाते है. वे अंतमें है। एसें कानपूरमें रहीके अनेक के

कार्य किये,फेर जब देवलमाका शरीर शांत भया तब आप गुरुका वाक्य पूरण करके कच्छमें विचरने लगे । तहांपर लालरामजी व बापुरामजी और लीलारामजी तथा प्रेमदासजी एसें चतुर्थ शिष्य किये. सो बी संगमें विचरते, हर वर्ष गोकुलअष्टमी पर हमला जाते । बावाश्री रामसिंहजी ओर महाराजश्रीका बडा गाढ स्नेह था तातें द्वादस मास सेवकोमें विचरना ओर श्रावण मासमें कृष्ण जन्माष्टमीके समैयेपर गुरुके दर्शन करनेके हेतु हमलामें आयके पंच अष्ट रोज ठहेरना. एसा नियम था । आप बडे भजनानंदी थे सेवकों को कथा किर्तनका अद्भुत लाभ देते । महाराजश्रीने अनेकोंके मनोरथ पूर्ण कीये है । और करते है, आपके पास रिद्धि सिद्धि हाजर थी । लेकिन एसे निरमानी थे कि कोइको लखावते नही.

एक समय आप कच्छ गुंदीयारीको पधारे थे तहांपर भाटीया ठा. हरिदासजीके गृह उतारा था ताकी पतनी सुंदरबाइ एक पथ्थरका कृतीम लडकाको सुंदर पालनेमें पोढायके जुलावते जुलावते रोने लगी । तब महाराजश्रीने सुनके कहा कि माताजी क्यों रोते हो, तब सुंदरबाइने कहा कि, महाराज पुत्र रहते नहीं हे. तातें आज ए कृतीम पुत्र देखके रोना आया कि सब कछु सुख संपति है परंतु एक पुत्र नही हे । ताका दुःख हे, कहा हे कि.

" प्यारा एक पुत्र बिन आजु,
दुःखप्रद लागत सकल समाजु"

तब महाराजश्रीने कृपा करी कहा की माताजी प्रभु समर्थ हे. सबकी ईच्छा पूरनहार हे. तो तुमको बी दो पुत्र होयगा. ओर वे जीवेंगे । तातें

सुंदरबाइको दो पुत्ररत्न प्राप्त भये । वे अद्यापी विद्यमान है. एसें अनेक बनाव बने है लेकीन स्थल संकोचसें नहीं लिखे ।

एक समय कच्छ सुथरीमें राजगोर ब्राह्मन भक्त पुरुषोत्तमने बडा उत्सव कीया तापर अनेक साधु संत महंत और भक्त हरिजन आदि सज-नोंको आमंत्रणसें बुलाये थे. बडा समाज एकठा भया था, भजनानंदसें सर्वत्र आनंद छवाय रहा था. जब समाप्तिका दिन आया और आज जिमा-यके सबको विदाय करनेका था । ता समय पुरुषोतम भक्तका पूत्र अपनी तेजदार घोडीपर स्वार होयके पानी पिलानेको गया, जब पानी पिलायके पीछे लोटा तब घोडी दोडनेसें गिर पडा, पांउ पागडामें आय गया, निकला नही, जासें घोडी चमकके भागी. ओर लडका घसडाने

लगा. ताते मस्तक छुंदायके मरण पाया. घोडी घरको आई, लडकाकों उतार लीया. ओर एक कपडामें वींटके डेलामें रख दीया, भक्त पुरुषोतमनें जानाकी अरे प्रभु, हरिहरि, बडा जुलम भया. दैव्यइच्छा जो होनहार हे सो होता है, लेकीन आज मेरे घर संत मिजमान हे ओर अबी रसोइ तैयार हे. जिमनेका समयें हे. जो ए बनावकी बातमी पावेगे तो कोइ जिमेंगे नही. एसे धोखा करके फीर धीरज रखके प्रभुका स्मरण करके आप जायके जिमनेका कहवाया, उत्सवमें नरेडावाले कल्याणबाई तथा गढसिसाके पंडित पितांबर ओर सामभगवान, शंकरानंदस्वामी, बावाश्री रामसिंहजी आदी ओर बहूतसे भक्त महात्मा थे इन सबको बोलाये, सब आये ओर महाराजश्री ईश्वररामजीके संगमें पंगत कर बेठे.

महाराजश्री तो अंतरजामी थे, तब पुरुषोतम भक्तसे कहाकी भक्त प्रथम पिरसना तुमारा पुत्र करेगा. बोलाइयें हमारा चेला कहां है. एसें जब महाराजजीनें कहा तब तो सबका मुख पड गया. कोईने उत्तर नही दीया, तब फेर महाराजश्रीनें कहाकी हे भक्त, जाओ बालके को बोलाओ, वे नही आवेगा तबलग हम जीमेंगे नही, तब पुरुषोत्तमने कहा के महाराज वे तो लडका हे, सो कहीं खेलता होगा, अबी आवेगा. बोलाते हे. लेकीन तबतक आप सर्व संत प्रसाद लीजे. तब ओर एक भक्त था उनने सब यथार्थ हाल दीया की महाराज, ए ता बालक बिचारा होता नहोता होगया, याने मर गया. उसका मृतक सब पडा सो कहासें आवेगा. बालक घोडीसें गिरपडा तातें अचानक ए

भक्तको बडा संकट आय पडा हे. एसे वाक्य सुनके महाराज आदी सर्व समाज सोकातुर होये, ओर महाराजश्रीने कहा की हरिहरि, अब सब संतो चलो, प्रभुका स्मरण करो.भेखकी टेक प्रभु रखेगा. सर्व एक चितसे स्मरण करों, आप सबको श्रीमद् भगवद्गीताका आधा कलाक पाठ कराया. आपबी नेत्र बंद करके प्रभुका ध्यान धरी स्मरण करी अंतःकरणसें स्तुति करी की. हे हरि- दीनबंधु पतीत पावन कृपाळु, आपने अनेको भक्त संतोकी टेक रखी है तो ए समय बी बा- नाकी टेक रखनी ए आपका ही काम है, हे सर्वेश्वर एसे संकट समय सहायता करनी ए आ- पकी शोभा हे. एसें स्तुति करी तब अंतरमें प्रभु का आवीर्भाव हूवा. तब सब संतोको साथमें लेके जहां लडकाका सब पडा था तहां गये । सुथरी

बडा पुर हे तातें ओर बी अनेक आदमी देखने-को एकत्र हो गये, तामें कितनेक नास्तिक खल लोक थे। वे निंदा ओर चेष्टा करने लगे. कच्छी भाषामें कहने लगे किं "मासां मरीव्यो तेके जीयरो कंधा वडा पीरजा पुतर" तब कोइ एसें बी कहने लगे कि–"भइ साधु अइं महात्माऐं आगड़; घणें मुवेंके जीयरा केयों अंयों तीं हिनीमें पण कोक महात्मा हुंधो तथींधो भाकीं भतखाउं एनुं तांकी भने जो नायें" तब दुसरा भाविक था सो एसें बी भाखने लगा की "वांढाय वारा ईश्वररामजी एडाज महात्मा अइं, ई जीयरो करीं तेंमें कुरो न्यारीयुं कुरो थीयेतो" एसें प्रेक्षकजन आपसमें प्रश्नोत्तर करते थे, और यहांपर महाराजश्रीने आयके देखा तो छीनभीन होया मृतक सब पडा हे. तब सब संतोका चरणामृत लेके छांटा, ओर

माताजी कल्याणबाईका हस्त पकडके कच्छी भाषामें कहा की, " माताजी, छोकरे तें हथ्र फेर्यों अइंमा अयो असांजी लज रखो " एसें कहींके माताजीका कर बालका के मस्तकपर रखाया. और आपबी मस्तकपर कर देके बोले. की हे बालका, उठ. सब संत महात्मा भूखे बेठेहै ताको पिरसके जीमाव. एसें कहा तब ओही बख्त लडकाने आंख खोली बेठा भया. और महाराजश्रीको नमस्कार किया, तब सर्व सभामें और गांवमें आश्चर्य पाय धन्यवाद देने लगे, और नरनारी सब कहने लगे कीं "ईश्वरा परमेश्वरा" एसें प्रभुनें भेखकी टेक राखी. पीछे भक्त पुरु-षोत्तम आनंद पाया, पुत्रको मस्तकपें पाटा बांध के पंगत कराई और महाराजश्रीके थालमें पुत्र-के हाथसें पिरसाया. सब समाज प्रेमसें प्रसाद

लेके पर्मानंद पाया. एसें यहां उत्सव पूर्ण करी आप कच्छ अबडासा औकंठी आदि प्रांतोमें विचरते.

एक समय आप बिद्डामें बिराजते थे तब बावाश्री रामसिंहजीबी बिद्डा बिराजते थे, परंतु बावाश्रीका शरीर अस्वस्थ होनेसें बिद्डामेंही शांत होगया. तब महाराजश्रीनें बहूत सोक कीया. क्योंकी महान पुरुषोंका सोक अल्प हेतु के लीये नही होता, लेकीन एसें बावासाहेब जेसें ब्रह्मवेताके देहका पात होनेसें अधिक हे. स्नेहजामें एसे संत पुरुषोकोंभी सोक होना स्वाभावीक है. ताते आपश्री अत्यंत सोकातुर होये. ओर पीछे वहांसें हमला पधारे, तहांपर बावासाहेबके शिष्य संतदासजी ओर माधवदासजी, ओर रुपदासजी, रामदासजी, हरिदासजी

तथा मोहनदासजी आदि शिष्य थे. सब संत-सेवको मि.लके बावासाहेबका उत्सव कीया. तब एसा कोइ नही था की जाको गादीपें बेठावे. तातें सर्व हरिजन सेवको मिलके महाराजश्रीको गादीपें बेठनेका आग्रह कीया. परंतु महाराज-श्रीने ना करीकी ए पांगली गौको उपाधीमें मत डालो. मेरेसें गादीपें बेठना बनेगा नही. तब सब सेवको ओर शिष्योनें कहाकी, महाराजजी एतो बनेगा नही. गादीपें तो आपकोही बेठनां पडेगा. क्योंकी गुरूका आश्रम है. आप जो नही बेठोगे तो बीगड जायगा. ताते ए आपकोही समालना पडेगा, एसे अतिशय आग्रह करके महाराजश्री को सबने मिलके गादीपें बेठाये. लेकीन आप मनमें बहूत उदासीन थे. उपाधी तो आपको रंचकबी प्रीय नही थी तोंबी एक वर्ष तक आ-

पने व्यवहार चलाया. परंतु हरिजन बहुतसे आने लगे, और उपाधी होने लगी. एकांतमें भजन करनां बन सकता नहीं, फेर आपने विचार करके बावाश्री रामसिंहजीके शिष्य मोहनरामजी जो गादी चलाने योग्य थे, परंतु सो राजकोट रहतेथे, ताको बोलाया, ओर सब सेवकोकों समजाया, ओर उनको गादीपें बेठाया, सर्व वस्तु सुप्रत करके आप अपने शिष्य सहवर्तमान अंगपर पेरेहुवे वस्त्रसेंही गाडा भाडे करके अंजारमें मीस्त्री हीरजी कल्याणजीके यहां जानेको तैयार हूवे, यहांपर वांढायमें खबर हूइ की महाराजजी अंजार जाते है, तातें यहांसें हरिदासजी ओर प्रीयादासजी तथा तेजबाईमा सींधल केसरजी तथा सामतजी ओर जीयाजीं, व नोंघणजी आदिक रस्तेमें जायके महाराज-

श्रीके चरनोमें पडके अरज करीके अबी तो प्रभु वांढाय पधारो, महाराजश्रीने ना कही, अंजार जानेकी जरुर जनाई, तब सबने अतिशय आग्रह कीयाकि अबी तो यहांसें जाने नही देंगे, अंतमें आडे सोनेकी ओर रामदोहाइ देनेकी कही, तब महाराजश्री गाडाको पीछे वारके वांढाय पधारे, यहां वांढायमें बहूत दिनोसें पधारे तातें जेसे श्रीराम अयोध्यामें पधारे,ओर आनंद भया, एसा आनंद उत्सव भया. सामैया कीया, तबसें महाराज आप हमेश वांढायमें बिराजके निवृती परायण होयके एकांतमें भजन करते, सती सेवक आवते जाते, आठोपोर अखंड आनंद बना रहेता, यहांपर ओरबो कीतनेक शिष्य किये. मुळदासजी, प्रेमदासजी, ओर दयारामजी, ओर नारायणदासजी. एसे बहूत शिष्य कीये, आप

अहोनिश ईश्वरचिंत्वन करते. एकही मकान में बेठके रात्रदिन भजनपरायण रहते. सूर्य काहां उदय होता है और कहां अस्त होता है. ताकी बी जाको सुद्धि रहती नहीं। एसें अहोनिस एक तार प्रभु स्मरणमें लीन रहते. फक्त संज्याको जब चार बजते तब द्वार खोलते. एक कलाक कथा किर्तन करते। तब सबको दर्शन होते, और वार्तांचेत होती पीछे फेर द्वार बंध करके भगवत भजन करते, प्रतिदिन पंच सप्त सकट सुज्ञ सेवकोंके दर्शनार्थ आवते. और सब अंतरमें मनंच्छीत आनंद सुख पावते. प्रतिदिन पंगत हो रही थी. स्वानादिक पशुओं बी अन्नसें तृप्त रहते थे। जहांपर आपोआप अन्नपूर्णा देवीकाही निवास था। फिर तहांपर क्या कमतीं होवे.

एक समय एक बालानंद ब्रह्मचारी, महा-

राजश्रीकी बहोत प्रशंसा सुनके परिक्षा लेनेको आये थे । तातें रात्रिको दस बजे आइ द्वार खोलायके कहने लगे कि. ईश्वरदासजी कहां रहते है, तब साधुओंने सत्कार कर बेठाया. और महाराजश्रीको सब वृतांत सुनाया । तब द्वार खुलाया. और ब्रह्मचारी अंदर आया. महाराजश्रीने नमस्कार करी अपनी गादीपर बेठायके बडी नम्रताके बचन कहीके । श्रेष्ट सन्मान किया. फेर प्रसाद लेनेको कहा तब बालनंद बोले की हम भोजन करेंगे नहीं. हमने वृत रखा है। तब महाराजश्रीनें शिष्यसे कहाकी दुध लेआओं, तब शिष्यनें कहा कि बापु दुध तो जमाया गया है. फेर आपश्रींने कहा कि गौ दोहके लेआओ. तब उनोंने कहा कि गौवाभी अबी दोही गइ है तो अबी दुसरी बेर केसें दुध देगी, तबतो महा

राजश्रीने कहा कि चलो, में चलता हूं, एसें कहीं के आप उठे एक गौकेपर कर रखके कहा कि " मायां जे घरे संत मिजमान आया अई तेंके खीर खपे तो सेडयो " एसें कच्छी भाषामें कहा तब गौने छांगास किया और पयका पात्र पूर्ण भर दिया । वोही वख्त दुध ल्यायके बालानंदको पिलाया । तातें स्वामी बडा संतोष पाया । ओर मनमें आश्चर्य पाय निश्चय किया कि कच्छ धरामें ईश्वरदास ईश्वरका अवतार कहाता हैं सो सत्य हे । एसें कहीके रात्रको ठहर गये, ओर सवेरे उठके चलते भये । एसें कितनेंक लोकोंको संशय होता कि. सब दुनियां उलट पडी है । उसका क्या सबब हे, क्या कछु पाखंड तो नही है । एसें समजके परिक्षा लेनेको आवते, लेकिन यहां तो सत्यही था, और ईश्वररामजी ईश्वररुप थे ।

तातें अनेक भावीक भक्तों के जिननें मनोरथ पूरण किये है। और अलभ्य लाभ दीया है।

कच्छ मंजलके निवासी भाटीया शेठ वालजी पारप्या धमाणी. बहुत श्रद्धावान भावीक भक्त थे। सो महाराजश्रीके कंठीबंध सेवक होनेसे एकदिन आयके अरज करी कि. गुरुमहाराज कछु सेवा टेल फुरमाइयें, तब महाराजश्रीनें कहा कि. प्यारे सब बातका परम आनंद है.। लेकिन ए गुरुका कराया हूवा खडीया हे, ताका घाट नही है तातें बीचारी गौवां पंकमें पडजाती है। और दुःख पाती है. तातें पावडी ओर घाट बांध्या जाय तो अच्छा। एसें बचन सुनके वालजीभाने अपना धंधा रोजगार छोडके बंबइमें पेले अपना रुपीया पांचसो भरके खरडा चालु किया. और एक मासमें तो रुपीया पंद्रहसहस्त्र एकत्र

किया. वे समय कच्छमें रुपीयेका भाव, रुपीया १ की कौरी पंच थी। जब रुपीया वटायके कोरी करी तो कोरी पौनालाख हूइ एसी बडी रकम गाडा भरके ले आये. महाराजश्रीके पास चरनो-मे भेट धरी, और कहा कि. गुरु महाराज ल्यो ए तलावके लिये रकम करी हे, सो आप इच्छानु-सार अच्छा सरोवर बनाओ। महाराजश्री तो कोरीयोंका गंज देखके जेसें कोइको सीतज्वर आया होय और कंपने लगे वेसे कंपने लगे। और कहने लगे कि. बापला, ए उपाड. मेरेसें ए व्याधी बनेगी नही. लेकिन तुम अपने पास रखो. और अपना आदमी रखके काम पूर्ण कराओ। तब शेठ वालजीभाने लोहाना ठ. विसनजी केस वजी भोरा ब्रह्मको एकाम दिया। क्योंकि वे बी बडे भक्त और ब्रह्मवेता थे. उनने सरोवरका कार्य

शरु किया. सुंदर पावडीबंध जबरजस्त तीन घाट ओगन आव आदि एसा सुशोभित बनाया कि मानो मानसरोवर सा सुहाया. संवत् १९४८ में पूर्ण करके ईश्वरसागर एसा नाम धराया. ताके पर मनोहर बगीचा बनाया. नानाप्रकारकी वनस्पती और फलफुलके वृक्ष रोपाया. मानो नंदन वन सा दिखाया. ईश्वरसागर बडा भारी सरोवर होनेसें पूर्ण भराता नही.तातें सेठ वालजीभा विनंती करके महाराजश्रीको तलावपर ले आये। महाराजश्री आय घाटपर बेठकें देखा तो स्थल बहूत सुंदर लगा। तातें बोले कि में यहांही बेठके भजन करूं तो केसा उत्तम. एसें अंतर आसय जनाय पीछे आप द्वारामें पधारे. तबसें तलाव पूर्ण भराने लगा. एसे सेठ वालजीभाने शुभ पुरुषार्थ करी अमर नाम

रखा है, और अद्यापी वे सरोवर बडा सुंदर शोभा देता है. ओर अनेक जीव जाको लाभ लेते है, वे वालजीभा शेठके तीन संतान भये, एक पुत्र, ओर दो पुत्री, तामें पुत्रका नाम खटाउभा. वे परम भक्त ओर खेतीकार्यमें बडे प्रवीण ओर प्रेमी याने खेडुतोंपर पूर्ण रहेमी थे. आप सत्य सात्वीक स्वभावधारीपर उपकारी और हरिगुरु संतके हितकारी थे. गुरुनिष्ठामें नेकी ओर टेकीवाले योगी व विवेकी थे, ओर शेठ वालजीभाके पुत्रीरत्नमेंसें सदगत जेवांबाई और बाइ, रुकमणीबाई है सोवी बडे निपुण ओर निष्टावान; भजनानंदी ज्ञान व गनके निधान है, महाराजश्रीके पाससें कंठीका वृतमान धरायके साध्वी मैयाजी के नामसें महीमें मशहूर है. ओर जिनने गुरुके नामसें

अनेक सदकार्य कीये है. और करते है. जेसेंकी कन्याशाला, अंत्यजशाला, लायब्रेरी (वांचनालय) ईश्वर आश्रम आदि सदैव सत्य संकल्पी है, आप शुद्ध सात्विक स्वदेशी स्वहस्तसें कांत और वणायके खादीवस्त्र धारण करतें हें, गुरुआश्रम कें आधाररुप ओर संतसेवामें सहायकहै, प्रतिमासकी एकादशीका गुरुआश्रममें दर्शनका जाका नियम हे. सो अद्यापी आप प्रेमसें पालन कर रहे है, एसें सद्वृतवाले संयमी दयालु दीव्य मूर्तीको दैव दीर्घायु रखो. अस्तु.

एसें महाराजश्रीकी दयासें वालजीभाइका कुटुंब परोपकारी ओर सदाचारी भया हे, क्योंकी महान पुरुषो सत्य संकल्पी होते हें, एसें ओरबी अनेक हरिजनोके शुभकार्य कीये है. ओर अनेक साधु संतोको ब्रह्मविद्याका दान दीया

है, स्वामीश्री ज्ञानानंदजीनेंबी कितनाक अभ्यास महाराजश्रीके पाससे कीया है, एसी निर्मल मूर्ती यह समयमें होनी बडी दुर्लभ है. क्योंकी जिननें सारी जिंदगी प्रभुभजन ओर परमार्थमें व्यतीत करी. अपनी टेक कायम रखी के संवत १९५३ का आषाड कृष्णपक्ष द्वितीयाके दिन यह असार संसारको सदाके लीये त्यागके परम कैवल्यपदको प्राप्त भये, जब आपने शरीर छोडा तब आसपासके ओर दुजे अनेक आदमी एकत्र होगये. देशविदेशमें हाहाकार होगया. क्योंकी एसे महान पुरुषोंका वियोग असह्य होता है, ताते ए समय अनेक जन आयलागे; श्रीफलका तो गंज होगया, सब एकत्र मिलके पवित्र पालखी बनाई, तामें बेठायके विधीवत् सब क्रिया करी धुपदीपसे गाजतें वाजते ईश्वर-

सागरपर ल्याये, ओर प्रथम जहां आपका बेठनेका संकल्प था तहांपर अग्निसंस्कार कीया, पीछेसें महाराजश्रीके शिष्योंने तीन महीनाके अंदर बडा अपूर्व महोत्सव किया, जहांपर अनेक संत महंतो और सेवक सतीआये. और सब परमानंद सुख पाये, महाराजश्रीके देहका जहांपर संस्कार किया था। तहांपर एक देरी बनाई और भजनकरने लायक चतुर्थ कोटडी बनाई थी. पीछें महाराजजीके शिष्य समाजका आपसमें अंतराय पडनेसे अलग होगये। दो शिष्य गामके द्वारामें रहे और नव शिष्यनें सरोवर किनारे, नूतन आश्रम जमाया. ओर गुरुमहाराजका शिखरबंध सुंदर मंदीर बनाया. तामें महाराजश्रीके कृपापात्र सद्वर्तनशील शिष्य लालरामजी मुख्य थे। सो सात्वीक स्वभावके बडे

विद्वान और ज्ञानवान थे. उनोंने जगाको जमाई और लीलारामजी ओर बापुरामजीका अच्छा उत्सव किया, जामें बहूतसें संतमहात्मा पधारे थे। और अत्यंत आनंद भया वे समय सब संत और हरिजनोंके कहनेसें आप गुरुकी गादीपर बेठे. महाराज लालरामजी बी आठों पहोर भजन परायण रहते, अपनी कोटडीमें बेठके एकांतीक भजन करते, आप सतोगुणी, शांत-मूर्ति ओर दयालु थे, आप विशेष देशांत्तरमें विचरते नही तोबी आप जगाका अधिक खरच बी आनंदसें चलावते, आपको सद्गुरु महाराजश्रीका वचन था, तातें जितना खरच करते ईतना ईच्छावत आयजाता, आपने जगाको सुधारी सद्व्यय करके विख्याती विसतारी. आपके चमत्कार प्रसिद्ध हे. तातें यहा ग्रंथ बढ

जानेके भयसें नही लिखा. आपश्रीके विद्यमान चतुर्थ शिष्य है, तामें बडे गरीबदासजी, जो अबी कुकमामें जगा करके रहते हें, ओर अपने मनमें मनसें महाराजश्री ईश्वररामजीको गुरु मानते हें. अस्तु । दुसरे केसवदासजी भये सो केरामें ईसमाल भक्तकी जगाके मालेक होय जगा जमायके बेठे हे. त्रतीय जुगलरामजी वे फकड दिसामें रमताराम रहते हे, मोज आवे तब ज-गामें ठहेर जाते हें, ओर बाहेर भी विचरते हें. ओर चतुर्थ शिष्य ओधवरामजी विद्यमान गादी-पति हे. सो समदर्शी शांतमूर्ती ओर उदारात्मा हें. उननें सद्गुरु लालरामजीका महोत्सव कीया. जहांपर बहुतसे संत महंत ओर सेवक सजनो सब मिलके महाराजश्री ओधवरामजीको गादीपें

बेठाये तबसें वे अछी रीतसें जगाका व्यवहार चला रहा हे. काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मान आदि विकारोसें जो विरक्त हे, हृदयके रहेमी ओर स्वदेंशप्रेमी होनेसे शुद्ध स्वदेशी वस्त्र धारण करते हैं. जिनोंका अंतर आशय अति उतम हैं, समुद्र जेसें गंभीर हैं. समुद्रमें जेसें वीर आती हे, तेसें ओरको सुख देनेमें जो उमंग मानते हे. आप बडे आनंदरुप परउपकारी ओर स्वार्थ रहीत सदाचारी होनेसें सर्वत्र सराहनीय है. आपश्रीकी वकत्रुत्व-शक्ति, कथा ओर आनंदमें अवधि है, वैराग्य विकासीत आराधी भजनपद आपको विशेष प्रीय है, और एसे प्रेमावेशसें गाते है की अंतरमें तीव्र वैराग्य उपजावनारें व मनको वेधनारे एसें भजन हम अबतक कहीं नहि सुने, क्योंकी वैराग्यवा-

नकी बानी सबको वैराग्य उत्पन करनेमें समर्थ होती हें, जिनकेपर गुरुदेवकी पूर्ण कृपा है, तातें जगाका बडा भारी खरच बी स्वतः निःचिंतपनेसें चलावते. जगा ओर ईश्वरसागरमें बहुतसें सुधारा नविनता करके सुखसाधनमें वृद्धि करी है, औ करते हैं. अरू अनेक अतिथी आते जातेको दा मान दे, आनंद करावते हें. किंवा सब जीव जहां-पर संतोष पावते हैं, इत्यादि आपश्रीकी अधिक सराहना करनी सो दिवाकरको दीपमालिकासें दीपावने समान है. तातें हमवे अत्यंत संक्षेपमें यथार्थ रंच दिगदर्शन कीया है, सो सब सुज्ञ सजनो कृपा करके मान्य करना. महान् पुरु-षोंकी नीती रीती ओर सद्चरीत्र संसारमें सर्व जीवोंको सुधरनेमें सहायक ओर अनुकरण करने

योग्य होते हैं, तानें उक्त महात्माओकें सद्चरीत्र सब मुमुक्षु सजनो वांच विचारके सारग्राही होये मनन करेंगें, तातें हमारा श्रम सफल हुवा समजेंगे. सुज्ञेषु किम्बहुना !

ली. कृपाभिलाषी,

कवि मेघराज हमीरजीके

हरिहर जयश्री सच्चिदानंद.

निवास धणोई, वर्तमान खेडोई–कच्छ.

कुंडलीया.

समतामें संतत रहे, हये संतनमें हेत,
नेक किसे निंदे नही, लाभ भजनको लेत.
लाभ भजनको लेत, अन्यको यहि उपदेशे,
श्रीगुरु ओधवराम, आप समदर्शी एसे.
अचलदासमें सत्य, कहों संदेहन यामे,
हये संतनमें हेत, रहे संतत समतामें. १

(२)

सुत्रमणीसम ए कहे, प्रभु सबमें भरपूर,
एसो अंतर जानके, द्वेस कीयो सब दूर.
द्वेस कीयो सब दूर, राग नहि रंचक मनमें,
श्रीगुरु ओधवराम, एक देखे सब जनमें.
अचलदास असजान, भयो जिनको मन उपसम,
प्रभु सबमें भरपूर, एक हे सुत्रमणी सम. २
सम्राधन सुखमें रहे, ओधव गुरु मम इष्ट,

अभीव्यंजक आनंदके, वर वरीयान वरीष्ट.
वर वरीयान वरीष्ट, आप अंतरमुख एसें,
निजानंदमें लीन, रहे सनकादिक जेसें.
अचलदास अहंब्रह्म, वचन हे जिनके मुखमें,
ओधवगुरु मम इष्ट, रहे संम्राधन सुखमें. ३

ईश्वर आराधन करों. जपो अजंपा जाप,
अंतर जानो आतमा, एसो भाषत आप.
एसो भाषत आप, देव अंतर दरसावे,
श्रीगुरु ओधवराम, मोह जंजाल मिटावे,
अचलदास कैवल्य, मुक्तिको विद्यासाधन्न,
जपो अजंपा जाप, करो ईश्वर आराधन. ४

जीवनमुक्ति जो चहे, देख्यो चाहे देव,
अचलदास आनंद सो, सदूगुरुके पद सेव.
सदगुरुके पद सेव, लाव अनुदिन सो लीजे.
श्रीगुरु ओधवराम, इष्टको ध्यान धरीजे,

निश्चे कीयो निबंध, अन्य नही एसी युक्ति,
सदगुरुके पद सेव, चहे जो जीवन मुक्ति. ५

अथ कच्छ डींगरीयाना महात्मा हरिदासजी कृत रास.

धन्य धन्य ईश्वररामनेरे,
पावन कीधुं छे वांढाय गामनेरे. धन्यः टोढ
धन्य धन्य भौमी जिहां बिराजहीरे,
ते भोमी तिर्थोमां सिरताजहीरे. २
ऋषिमुनी तहां चली आवहीरे,
दर्शन करी महासुख पावहीरे. २
जेनुं दर्शन माहासुख सीरछेरे,
स्वामीनो आशय अति गंभीरछेरे ३
ईश्वर सरमा ते जे नित नायेछेरे,
तेनां पाप ते परले थायेछेरे. ४

धन्य धन्य शिष्यो ते शरणे रयारे,
तेनां पुरवनां पुन्य उदय थयारे. ५
रिधि सिधि ते जेहने हजुरछेरे.
स्वामी ब्रह्मानंद भरपूरछेरे. धन्य धन्य. ६
जेनुं वरतन तें गुणातीतछेरे,
स्वामीजी शास्त्र अनुसार रीतछेरे. ७
स्वामी ज्ञान विज्ञान भंडारछेरे,
स्वामी अभयदान दातारछेरे. ८
जेनें रायरंक सर्वें एकछेरे,
स्वामीश्री सहेज समाधीमां टेकछेरे. ९
स्वामी कल्पतरु सुख धामछेरे,
जिज्ञासुनें ठरवानो ठामछेरे. १०
जेना नेनोमांथी अमृत जरेरे,
स्वामीनीवाणी संशय सोकने हरेरे. ११
स्वामीनां हृदयानुं हेत सुं वखाणीयेरे,

स्वामीनें संगे महासुख माणीयेरे. १२
स्वामी हस्तकमल जेने शिर धरेरे,
तेनां ताप संताप शोकने हरेरे. १३
स्वामीना पाद पदम धोइ पीजियेरे,
लाभ मनुषा जनमनो लीजीयेंरे. १४
स्वामी देह छतों ते विदेहछेरे,
रहित ध्याता ध्याननें धेयछेरे, १५
धन्य धन्य जननी धन तातनेरे,
मुक्त कीधा छे देवलबाई मातनेरे. १६
धन्य धन्य कुल परिवारनेरे,
स्वामीनां पीतर पाम्या ओधारनेरे. १७
इ वात ते वेद परमाणहीरे,
ज्ञानीनी महिमा श्रीमुखे वखाणहिरे, १८
ब्रह्मदरसी ते ब्रह्म स्वरुपछेरे,
उपमा रहित ते परम अनूपछेरे. १९

भोरा ब्रह्मतणो अति भावछेरे,
वालजीरामनी सेवामां बहू चावछेरे. २०
स्वामीनां चरण शरण चित दीजियेरे,
तन मन धन कुलवान कीजियेरे. २१
स्वामीनी मनोहर छबि चित धारीयेरे,
हरिदास कहे लक्षण न विसारीयेरे. २२

(२)

रास

हालो हालो तो वांढाय हालीयेरे,
मली संतोंथी महा सुख मालीयेरे. टेक.
एक गिरिवर उपर गामछेरे,
तेनुं निश्चय वांढाय रुडुं नामछेरे. १
प्रथम विहारी स्वामीतणो वासछेरे,
तेना बंधव ते बावो हरिदासछेरे. २
तेतो सेवक भावे शरने रयारे.
एतो देखतां ब्रह्ममां भली गयारे. ३

स्वामी क्षेमतणी अति ख्यातछेरे,
तेतो संत शिरोमणी विख्यातछेरे. ४
गुरु ईश्वरते आनंद रुपछेरे,
सर्वे संत सभामां अनूपछेरे. ५
अमे पूरण पुन्य थकी पामेयारे,
स्वामीना शरने सर्वे दुःख वामीयारे. ६
अति निर्गुण स्वामीजीनो हालछेरे,
गुरुने नवेनिधि निरमालछेरे, ७
अष्ट सिद्धि गुरुजीनी दासछेरे,
तेनो संत चरणमां वासछेरे. ८
स्वामीना दर्शनथी देह भाव जायछेरे,
गुरु कृपाथी ब्रह्मरुप थायछेरे, ९
स्वामी देखतां दीनदयालछेरे,
गुरुनो सोहं शबदमां ख्यालछेरे. १०
ब्रह्मानंद ते ब्रह्मरस भागीयारे,

स्वामी शरने कारज सौनां थयारे. ११
धन्य सेवक स्वामीजीनां संगमारे,
घोर आठों आनंद तेना अंगमारे. १२
धन्य धन्य भोमीतणा भागछेरे,
जेमां उत्तम स्वामीनी जागछेरे. १३
तियां सिंधुल्लुनो सतभावछेंरे,
तेने दर्शननो नित्य नित्य लावछेरे. १४
वृंदावन भोमी ते वांढायछेरे,
तियां सेवा संतोनी नित्य थायछेरे. १५
तियां ईश्वरसागर गंभीर छेरें,
तेनुं गंगा सरीखु नीरछेरे. १६
तिया हरिजन दर्शने जायछेरे,
तेतो नित्य तीरथमां नायछेरे. १७
तियां नंद वन जेवुं बागछेरे,
तेमां भोरा ब्रह्मनो अनुरागछेरे. १८

वैष्णव वालजीतणुं गणुं हेतछेरे,
जेणे बांध्युं धरमनो खेतछेरे. १९

हरिदासनो डीगरीये वासछेरे,
तेतो नरेडी मोथालाने पासछेरे. २०

गुरु ईश्वर ते ज्ञान गंभीरछेरे,
हरिदासजीने सुखनी सीरछेरे. २१



अथश्री इश्वरविहारी विलाश

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥ श्रीगुरुदेवाय नमः ॥

॥ इश्वरविहारी विलास प्रारंभ ॥

याने

॥ श्रीकृष्ण बाल विनोद भाषा प्रारंभ ॥

बावाश्री विहारीसाहेब विरचित.

दोहा.

सरस्वति सुभ गुन दायनी,
वाहनी श्वेत मराल ।
स्वेत वसन सोभित सदा,
कटत कठिनक्रम काल ॥ १ ॥

अज तनया आनंदमय,
प्रणमो जोरी पान ॥
मंगल अक्षर मातु मम,
दीजें यह वरदान ॥ २ ॥
गौरी नंदन गज वदन,
सदन सुभग गुन साम ॥
एक रदन आनंदघन,
विघन विनासन नाम ॥ ३ ॥
कृपा करन असरन सरन,
हरन जक्त जंजाल ।
अमर मरन अजरा जरन,
शरन सुखद प्रतिपाल ॥ ४ ॥
सुधबुध नायक रिद्धिसिद्धि
दायक सुखप्रद संत ।
सेवको सन्मुख सदा,

ज्ञान विज्ञान महंत ॥ ५ ॥
परापार परब्रह्म पद,
सदचिद आनंद कंद ।
हरिहर अज सुमरत सदा,
इंद्रही चंद दुडंद[1] ॥ ६ ॥

सोरठा.

सो गनपति गूरूरुप,
बनिआए करुना करन ।
देवा देव अनूप,
परम पुरुष असरन सरन ॥७॥
अधम जंत उद्धार,
करन आए साश्वत जगत ।
निजजन सरन सुधार,
लीन दीन निरमल भगत[2] ॥८॥

---

१ गनेश. २ भक्ति.

आनंद कंद अमाप,
ताप पाप लागत नही ।
गुरु सचिदानंद आप,
विस्वव्यापी साहेब सही ॥ ९ ॥

सुरनर मुनीजन एव,
करत सेव सारद सदा ।
नारद जानत भेव,
सो आतम मम मनमुदा ॥ १० ॥

दोहा.

तं नमामि निज आतमा,
अज अनाम अविनास ।
जो व्यापक जलथल विषे,
परं जोति परकास ॥ ११ ॥

जो परब्रह्म परातपर,
असिपद अगम अनंत ।

सो प्रगट्यो वसुदेव ग्रह,
सुखदायक सब संत ॥ १२ ॥
गोवरधन कर धरनको,
हरन भोमीको भार ।
पावन लीला करनको,
आप धर्यो अवतार ॥ १३ ॥
जिनहीकर वृज जननको,
नित चित मंगल मोद ।
जन विहारी सो मतिज था,
वरनत बाल विनोद ॥ १४ ॥

छंद उधोर.

प्रथमसु भयो जब तें प्रात,
मोहन सो यसोदा मात ।
लागी कहन जागो कान,
बल बल जाउं जीवन प्रान ॥ १५ ॥

गोकुलके सकल मिल ग्वाल,
बाहिर खडेहे वृजबाल ।
उदयोसूर उडगन लीन,
दीपक भई जोति मलीन ॥ १६ ॥

सीतल पवन मंद सुगंध,
उठीये कान आनंद कंद ।
सब मिल करत पंछी [1]सोर,
बोलत मधुर सुरकर मोर ॥ १७ ॥

तलफत गाय जमुना तीर,
करही शब्दको किलकीर[2] ।
प्रफुलीत कमलकी कलियान,
भमरा करत सुंदर गान ॥ १८ ॥

माता वचन सुनत मुरार,
दुकुला दीयो मुखतें डार ।

---

१ शब्द. २ पोपट.

माता लीयो कंठ लगाय,
आनंद परम उर न समाय ॥ १९ ॥
मुखपर करत चुंबन मात,
वारंवार बलबल जात ।
गोकुलकी सकल मिल ग्वाल,
पहोची तहां सो ततकाल ॥ २० ॥
तब गोपाल अपनी गोद,
लीनो मात मनधर मोद ।
निरखत सकल भरभर नेंन,
उपज्यो अति अतुल चितचेंन ॥२१॥
तब जल आन मुख सुचकीन,
कज्जल रेख नेंनन दीन ।
भूषन वसन विविध प्रकार,
लागी सजन मात श्रंगार ॥ २२ ॥
कटिपट[१] पीत नील सुरंग,
अंबर सकल सोभित अंग ।

पगरी पेच सकल सुधार,
माथे धर्यो मुकुट मुरार ॥ २३ ॥
तुररा कलंगी छबि लेत,
ताके बीच नगछब देत ।
केसर तिलक सोभित भाल,
कुंकम कर अलंकृत गाल ॥ २४ ॥
सुंदर नासिका इन भात,
देखत जिनही [२]कीरलजात ।
भ्रकुटी कुटिल धनुषाकार,
दमकत दसन अधुर अनार ॥ २५ ॥
चलकत चपल कुंडल कान,
मानो किरन फेली भान ।
निरमल अमल अंबुज[३] नैंन,
लावन ललित अमृत बैंन ॥ २६ ॥

१ वस्त्र. २ सुवा. ३ कमलः

लहकत गले मुक्तालाल,
तापर बनी जुग बनमाल ।
कोमल मृदुल मंजुल गात,
लंछन हृदे भ्रगुकीलात[१] ॥ ॥ २७ ॥

भारी भुजा पीन प्रचंड,
पावे दुष्ट जिनतें दंड ।
बाजुबंध ओपत बाहि,
अंगुली मुद्रीका दसमाहि ॥ २८ ॥

कंचन कटक पहोंची हाथ,
सोभित राखडी तिन साथ ।
कछनी कसी किनहीक भात,
कटी मेखला कही नवजात ॥ २९ ॥

जंघा जुगल कदली खंभ,
मानो कनकके दो थंभ ।

१ छातीमां श्रीवत्सनुं चिन्ह.

कोमल कमल कलितुल चरन,
परम उदार भवभय हरन ॥ ३० ॥
पहिरे कनक नेपुर पाय,
करही पेजुनी धुनमाय ।
पगतल उरध रेखा अंक[1],
जवतिल ध्वजा धनुष मयंक ॥३१॥
गउपद जंबुफल मछरुप,
अंकुस अंबरकुलीस[2] अनूप ।
पुनीपद कमल कलस उदार,
वंदत वेद वारंवार ॥ ३२ ॥
स्वस्तिक अष्टखट त्रय कोंन,
प्रभुपद सकल सुखके भोंन !
इन जुग चरनमें लखवार,
वारों मदन कोटी हजार ॥ ३३ ॥

---

१ चिन्ह. २ वज्र.

सोरठा.

परम इष्टप्रिय जान,
इन चरनकों चित विषे।
धरे निरंतर ध्यान,
शिव सनकादिक सकल मुनि ॥३४॥
नागर नवलकिशोर,
अंग अंगथा विधी बने।
जन बिहारी कर जोर।
वार वार वंदन करे ॥ ३५ ॥
बने कृष्ण बलराम,
राजिव लोचनरूप निध।
अंग वसन अभिराम,
नख सिख भूषन विविध विध ॥३६॥
भली बनी इन भात,
सुभग सलोनी जोरि जुग।

अब जोबनकी बात,
सो आगे बरनन करो ॥ ३७ ॥

॥ दोहा ॥

भइ भीर भट नटनकी, नंदरायके द्वार ।
बंदीजन वंदन करे, वचन वेद अनुसार ॥३८॥

छंदजात बेताल ॥

भइ भीर तहां भट नटनकी,
गुन बंदीजन वंदन करे ।
अद्भुत चरीत उदार सो,
यदुवंसके यश विस्तरे ।
जयकृष्ण जय बलराम,
जय यदुवंस भूषन दिनमनी ।
जगदीस ईस न ईस,
विसवा वीस तुम त्रिभोवनधनी ॥३९॥
नभवत् निराकृत जो निरंजन,
परंजोति परात्परं ।

अद्वैत एक अखंड पूरन,
सर्वगत सचराचरं ।
निजरुप सो तुम आप निरगुन,
सगुन रूप सोहावने ।
सनकादि सेस महेस नारद,
सकल मुनीमन भावने ॥ ४० ॥
नट भेख ज्यौं भिन भिन देखावत,
भेख नट भिन है नही ।
त्रैलोक पिंड ब्रह्मंड इह,
चर अचर त्यौं तुमरे मही ।
तुम तेजु भिन कछु ओरसो,
नहि नहि निगम एसें कहे ।
जगदीस तुमको जान,
भिन भिन भूरनर भ्रमतें रहे ॥४१॥
करुनार नव करुना निधे,
करुणांसु हमपर कीजीयें ।

तुम नंदलाल दयाल हमको,
दरस नित नित दीजीयें।
मृदु बानी सो मंगन सबे,
मिल जन बिहारीयों कहे।
जुग जुग जसोदानंदके सुत,
चीरंजीव सदा रहे ॥ ४२ ॥

॥ दोहा ॥

सुमरि सुमरि हरि सबनिको,
दीये दान सनमान।
तब ग्रह अपनेको गए,
विविध सु करत वखान ॥ ४३ ॥
तब तिनके हरि वचन सुनी,
मंद मंद मुसकात।
मैया सो मागत भये,
भोजन दोनों भ्रात ॥ ४४ ॥

॥ छंद जात बेताल. ॥

भोजन सुनाना भातके,
धन मात हरिआगे धरे ।
मिलके परस्पर प्रेमसो,
दोउ भ्रात भोजनको करें ।
तब ग्वाल गोकुल ग्रामके,
ततकाल सो आए तबे ।
तिन संग हरि हिलमिल चले,
सुरभी चरावन वन सबे ॥ ४५ ॥
प्रभु चलत चाल मराल गजगत,
लटक अटपटी लावने ।
जुगजोरि नवलकिसोर नगधर,
सुभग परम सुहावने ।
गोकुल नगरके ग्वाल हरि,
एसें ललित गत ल्यायहे ।

मनहोंन सारस हंस सिसुमध,
गरुड बालक आय हे ॥ ४६ ॥
सब ग्वाल मंडल बाल बिच,
वृजलाल छब एसें लिये ।
मनहों सुधाकर सहित सुरज,
उदय उडगन मध कीये ।
सुंदर सुभाल विशाल बिच,
रुच तिलक रेखा राजही ।
मनहों मदन धनु मुसकतकितन,
कनक सरजुग साजही ॥ ४७ ॥
चंचल चपल लोचन भ्रकुटी भ्रुह,
चटक मटकन मन हरे ।
मनहोंन कोमल कमल कलिपर,
भ्रमर पंखसु सज करे ।
पुंनकान कुंडल अलक जलकत,
जन बिहारी सो सही ।

मनहोंन मयुर मयंक प्रतितक,
गहन चाहत जुग अही ॥ ४८ ॥

॥ दोहा ॥

कौतकमय छबि कृष्णकी, रुपनिधी बलराम ।
वारों याके वदनपर, कोटि कोटि छत्रि काम ॥४९॥
बिथिबजार चोहट बिचे, कीन बंसरी टेर ।
नरनारी सब नगरके, गिरधर लीने घेर ॥ ५० ॥

॥ छंदजात बेताल ॥

तिन बंसुरीकी टेर सुन,
तज काम कामातुर भई ।
तनतें सुतन धय त्याग कर,
तनभूल तनमय होगई ।
सब नगर नारि अटारी चढ चढ,
कुंवर निरखत कामनी ।
मनहोंन गगन घटनके मध,
लसत सुंदर दामनी ॥ ५१ ॥

निरखतसु भरभर नेंन सब,
छब देख जहांतहा छक रही ।
मनहों चितेरे चतुर नर,
करकीन चित्रामन सही ।
जांखत जरोखन चंद वदनी,
प्रान प्रीय हरिहीय धरे ।
जुक जुक बलैया लेत जहांतहा,
कुस्मकी वरषा करे ॥ ५२ ॥
तब करत सीख सयानि सखिसब,
मिलि परस्पर प्रेमसो ।
हिय धार इह सुकुमार मूरत,
सेवियें नित नेमसो ।
जरजाहु लाज कुटुंबकी,
मरयादपर पाहन परो ।
इन काम जीवन प्रानसों,
किन बात जिन अंतर करो ॥ ५३ ॥

तज मान तनमन प्रान धन,
कुरबान इनपर कीजियें ।
सुनरी सयानी सुघर सजनी,
लाहु इनविध लीजियें ।
एसें सकल मिल नारिनर,
हरिके चरन हिरदे धरे ।
करजोरि पुन पुन जन बिहारी,
विनय सो वंदन करे ॥ ५४ ॥

॥ दोहा ॥

हरिमुख चंद चकोर द्रग,
करत पानरस प्रेम ।
चतुर नारिके चित विषे,
नित नित एही नेम ॥ ५५ ॥
छबि देखी सब छक रहे,
धर अखंड हरि ध्यान ।

ठोर ठोर वृजवासि मिल,
करत हरिगुन गान ॥ ५६ ॥
जब एसे नरनारि मिल,
पुजे पूरन काम ।
तब आए प्रभु बन विषे,
ग्वाल सहित घनश्याम ॥ ५७ ॥
जलचर थलचर जंतके,
भिन भिन देखी भाव ।
कहत वचन तब कृष्णजू,
अपनी उक्त उपाव ॥ ५८ ॥

॥ छंदजात वेताल ॥

बरननसु कर बलदेवको,
श्रीकृष्णजु समजाव हे ।
वनवेलि खगमृग भ्रमर दादुर,
इन विपे इह भाव हे ।

बोलत विहंगम वन विषे,
तिनके जु शब्द सुहावही ।
मनहोंन मुनीजन सकल मिल,
गोविंद तव गुन गावही ॥ ५९ ॥

नाचतसु बन बन मयुरगन,
एसी अजब छब लाय हे ।
मनहोंन नटवा भेखधर,
तुमको रिजावन आय हे ।
मकरंद कुस्म सुगंधपर,
इह भमर गुंजारव करे ।
मनहोंन तव गुन गायके,
गंधर्व सुंदर सुरभरे ॥ ६० ॥

इन गायके ढिग आय मृग,
मुख फेर सनमुख कर रहे ।
मनहोंन मुनीमुख मौन लेकर,

ध्यान तुमरो धर रहे ।
लीने लतान लपेट बन,
पल एक तिनहीन परहरे ।
मनहोंन प्यारी पीयको,
उरलाय आलिंगन करे ॥ ६१ ॥
अत फावही फलफूल दलसो,
जूम इह वन जुक रहे ।
मनहोंन तरु तव चरनपर,
फल भेट धर पुन पद गहे ।
करही सरन तट सोर दादुर,
जन बिहारी मनहरे ।
मनहोंन तव गुन वेदकी,
दुज बाल मिलकर धुन करे ॥ ६२ ॥

॥ दोहा ॥

एसें भिन भिन भाव इह,
वलप्रति कहत बनाय ।

तब यमुनाके तीरपर,
बेंठे बनतल आय ॥ ६३ ॥

बनतल बहुत प्रकारके,
खेलत नाना खेल ।
ग्वाल बाल व्रजलाल मिल,
करत कुतोहल केल ॥६४॥

जुग जुग जोरी परसपर,
मिली करत मलजुध ।
लरत फिरत गिरपरत घर,
आनंदित अविरुध ॥ ६५ ॥

तवउत मोहन मिलनकों,
अति आतुर वृजनार ।
रुचरुच भूषन वसन तन,
सकल धरत श्रंगार ॥ ६६ ॥

॥ अथश्री गोपिकातन श्रंगार वरनन ॥

॥ छंदजात त्रोटक ॥

जल मंजनसो तिन कीन तबे,
सुच अंग उवेट किये जु सबे ।
पस चंदन अंग चुवा चरचे,
अपने अपने तनको अरचे ॥ ६७ ॥

कुच केसर कुंकम रंग दिये,
इन भांति अलंकृत अंग किये ।
तब संपुट हाथ लिये हसके,
शिर गुंथन केस किए कसके ॥६८॥

शिरमें फिर चंपक फूल धरे,
तिनके मध्य मोतिनकी जुलरे ।
पुन कोमल याद तले तिनमें,
रुच रंग तरंग भले जिनमें ॥ ६९ ॥

नख पंकत मंजुमनी गनसी,
पग सोभत सो मुगता कनसी ।
पहिरे पद नेपुरपे जुनियां,
तिनमें विछुवा करही धुनियां ॥७०॥
जुग जंघन कांचन थ्रंभनसी,
कदलीदल कोमल षंभनसी ।
पटपीत निलांबर अंग धरे,
अत सोभत रंग सुरंग भरे ॥ ७१ ॥
कटि सूक्षम हे अतिसे करके,
मनु कोमल द्रुम लता लरके ।
कटिके तट सुंदर नाभनली,
विकसी मनु कोमल कंजकली ॥७२॥
कुचपीन नवीन लघु सगरे,
मनु तालनतें फल तोरि धरे ।
अतसे उर मंडलमें जुलसे,
तिनकेपर कंचु कियां जुकसे ॥७३॥

मुगताफलकी जुगमाल बनी,
उर सोभत सो अतिसे जुघनी ।
मृदु मंजुल गात गलें जिनके,
पुन कंबुक कंठ भले तिनके ॥ ७४ ॥
पहिरे तिनमें गहने सुघने,
उर सोभत सो कहनेंन बने ।
तिनमांज अमोल जरी मनीयां,
तिनके बिच हीरनकी कनियां ॥७५॥
पुन सोभत सुंदर पीठ घनो,
कदली बीच कोमलपातमनो ।
नव अंग भुयंग भुजा जिनकी,
मुख बात न जात कही तिनकी ॥७६॥
कर कोमल कंज मनोकलियां,
तिनमें दल दीरघ अंगुलियां ।
करमें अत शोभत कींकनिया,
तिनमें नगनील जरी मनीयां ॥७७॥

मुखकी मुखबात कहाजु भनो,
मुख सीतल पूरन चंद मनो ।
मुखमें छब जो मुख तुंड दिये,
न मिले जग मूंडन मूंड किये ॥७८॥

दमके अत बींब अधोरनकी,
चमके छब दंत मधोरनकी ।
पुन पंगत जो मुख दंतनकी ।
जगहो तनसो पुनवंतनकी ॥७९॥

इक दीप सिखासमनाक छबी,
मुख मंडलमें अतसेजु फबी ।
तिनमें नकबेसर राजत हे,
अतिसें तीनकी छबी छाजत हे ॥८०॥

पुन जो मुखमें छबिनाक दिये,
किनको न मिले तप जोग किये ।
इक जो छबी लोल कपोलनकी,
न बने विधसो मुख बोलनकी ॥८१॥

सुभ कानन जाल अति जलके ।
नग भाल विशाल भले भलके ।
मृगसें द्रग दीरघ नेह भरे,
मुख मंदिर दीपक जोर धरे ॥ ८२ ॥
मुखमें इक जोछबि नेंन दिये,
न मिले जग कोटिक पून किये ।
भ्रकुटी तट जो इक भोंह रचे,
न मिले जग जो सत जन्म पचे ॥८३॥
चित चोरत चुंनरियां जिनकी,
शिर सोभत भांत भली तिनकी ।
फिर कांचनके शिर फूल बने,
शिर सोभत सो अतिसेजुघने ॥८४॥
पुनहाटक संपुट हाथ लई,
भ्रकुटी बिच सुंदर बींददई ।
पुन अंकित लोल कपोल किये,
द्रग खंजन अंजन रेख दिये ॥ ८५ ॥

व्रजनार कुमार भलीजु फबी.
सब एकनएक अधीक छबी ।
व्रज भामनी दामनिसी जुलसे,
अपनी अपनी छब देखहसे ॥ ८६ ॥

मनु हेमलता फलफूल धरी,
अत आनंद अंग उमंग भरी ।
कर जोर जबे शिरमाट धरे,
कटि कोमल द्रुमलनासि लरे ॥८७॥

पट अंबर भूषन पेर सबे,
मिल जूथ चली ततकाल तबे ।
जननं पग नेपुरसो जनके,
ठननं पग पेजुनियां ठनके ॥ ८८ ॥

छननं छननं विछुवा छनके,
खननं खननं चुरिया खनके ।
इनभांत चली मग आवत हे,
गजकी गतकोसु लजावत हे ॥ ८९ ॥

मधुरी मधुरी मुख बोलत हे,
अपनी अपनी गत खोलत हे ।
जिनके जिनके मन भावज था,
करही निलके बलकृष्ण कथा ॥९०॥
जितमोहन धेन चरावत हे,
मिलके तिनही मग आवत हे ।
इनभातसु आवत भेट भई,
यमुना तट मोहन रोक दई ॥९१॥
अत नेह सनेह सबे भरीयां,
मनु कांचनकी पूतली खरिया ।
भ्रकुटी तट भ्रोंहक बान करी,
मृगसें द्रगतीक्षन तीर भरी ॥ ९२ ॥
मुख मोहनके सर मारत हे,
मधुरी छबि अंतर धारत हे ।
दुख मोचन लोचन नेह भरे,
लबि मोहनकी द्रगपान करे ॥ ९३ ॥

चितकी वृतिसो तदरुप भई,
रसरुप अनूप सरुप मई ।
अतिसे अदभूत दिसा इनकी,
कविको विद कोनकहे तिनकी ॥९४॥
अतसे करजो यह गूढगती,
जन जानत कोइक माहमती !
गमहे सुक सारद नारदको,
हरि जानत हे इन हारदको ॥ ९५ ॥

॥ दोहा ॥

रेंन गोपिका चरनकी, सदा हमारे सीस ।
जनवेरा कर जोरि जुग, वंदे विसवावीस ॥९६॥

सोरठा.

नागर निकट बोलाय,
कृष्ण वचन एसे कहे ।
उभी सनमुख आय,
प्यारेंको परनाम कर ॥ ९७ ॥

सुनो सकल दे कान,
वर मुखवारी वचन मम ।
मृगनैंनी तज मान,
दान हमारो दीजिये ॥ ९८ ॥
मागत होंत जमान,
दया करी सो दीजिये ।
कर अपने कल्यान,
लाहु इन विध लीजिये ॥ ९९ ॥
मेरे मुखसो माग,
हे ललनामें लेतहो ।
भले तुमारे भाग,
हमको दीजे हेतकर ॥ १०० ॥
दे चाखन चितलाय,
गोरस तेरो ग्वालनी ।
जीभ न बरन्यो जाय,
खायो तिनको खबरहे ॥ १०१ ॥

सदा सवेरी सांज,
  खायो दुध हम खुब कर ।
मैं एसो उनमांज,
  स्वाद न देख्यो सुंदरी ॥ १०२ ॥
आनंद उर उपजाय,
  हे प्यारी कछु प्रेमकर ।
खांखत करजो खाय,
  दधि सोताको दीजीये ॥ १०३ ॥
कहो कहा तुम कौन,
  मेरे मनको मोहनी ।
पीनस्तनी प्रबीन,
  जीय मेरेकी जानीयें ॥ १०४ ॥
निजकर पकरी नाथ,
  तोरी देखाये ताल फल ।
कहे कृष्ण सब साथ,
  ईनतक माखन दीजीये ॥ १०५ ॥

समज गई इह सान,
सुनी वचन रस रीतके ।
मुख पर करही मान,
अंतर आतुर मिलनको ॥ १०६ ॥

॥ कुंडलीया. ॥

हरि हमारे हेतकी,
भली कही व्रजलाल ।
चंचल नैंन चढाय कर,
बोली मुगधा बाल ।
बोली मुगधा बाल,
सुनो सजन सुखदायक ।
एसें वचन अजोग,
लाल तुमको नहि लायक ।
घर घरको दधि खाय,
भये मोहन मतवारे ॥

भली कही व्रजलाल,
    हेतकी हरि हमारे ॥ १०७ ॥

वचन विचारी बोलीयें,
    करीयें नहि कुरीत ।
गिरधर गोकुल नगरमें,
    नई चलाई नीत ।
नई चलाई नीत,
    बडो जगमें यश लीनो ।
दधि मांखनको दान,
    कदी हम सुन्योन दीनो ।
मुख छोटे सो बात,
    बडी कीजें न मुरारी ।
करीयें नही कुरीत,
    बोलीयें वचन विचारी ॥ १०८ ॥

दोहा.

मान देखावत मदभरी, रसिक बढावन रीत ।
बाहिर व्यंग वचन कहे, अंतर पूरन प्रीत १०९॥

छंदजात नाराच ॥

सुनोजु नंद नंदन,
कछू विचार कीजियें ॥
उचीष्ट दुग्ध आजको,
प्रवीन सो न पीजियें ।
ललाजु लोक वेदकी,
कछूक रीत राखियें ।
अजोग जूठ ओरकी,
चतूर सो न चाखिये ॥ ११० ॥
दधी सु आज ओरसो,
मुरार मांग लीजियें ।
सखा समेत हेतसो,

पियासु दुग्ध पीजियें ।
विना पिछान प्रेमसो,
दया करी सुदेतहे ।
अती उदार आपसें,
लबार सोइ लेत हे ॥ १११ ॥
सबे सरुप सुंदरी,
अधीक एक एक तें ।
अनंग रंगसो भरी,
विनोदके विवेक तें ।
बडे धनाढ्य बापकी,
बडीजु लाडली लली ।
कुमार कंज लोचनी,
सुता सुभानकी भली ॥ ११२ ॥
पिया रसीक रीतमें,
बडी चतूर बाल हे ।

मनोज गर्व मर्दनी,
मनोज कोइ काल हे ।
कठोर उर्ज कन्यका,
किसोर कंजकी कली ।
पियासु प्रीय प्रानतें,
अधीक आपको अली ॥ ११३ ॥
दयाल सोइ बालको,
भलीजु भांत भेटियें ।
महा विनोद मोदसो,
मनोज ताप मेटियें ।
करे प्रसिध कीरती,
अनेक लोक आपकी ।
बढाइ लाज लोकमें,
बढीजु नंद बापकी ॥ ११४ ॥
भलेजु भाग नंदके,
सपूत आपसें भए ।

कमी रही न काहुकी,
प्रताप आपके नए ।
अहीर गाम ओरकी,
सुठोर ठोर जो ठगी ।
अधीक लोच आपको,
ललाजु ताहितें लगी ॥ ११५ ॥
ठगी अनेक ठाम ठाम,
आपको ठगायके ।
गई लबार ग्वालनी,
सुलोचको लगायके ।
बडी चतुर बालसों,
प्रवीन प्रान लेगई ।
लगाय लोच आपको,
दुरंत प्यास देगई ॥ ११६ ॥
पर्यो सुभाव जो पिया,
सुभाव सो न जातहे ।

अजोग जोग ओर ओर,
खाय खाय खातहे ।
कदी न प्यास भीखसो,
कही न काहुकी गई ।
अत्यंत लोच आपको,
भलीजु भीखसों भई ॥ ११७ ॥

॥ दोहा ॥

पिकबेनी बेनी अही खंजननेंनी नार ।
ससिवदनी सदनी सुधा,रदनी ओप अनार॥११८॥

॥ सोरठा. ॥

प्यारी तुमरे प्रान,
तुम प्यारीके प्रान प्रभु ।
पर्मप्रीत पहिचान,
प्यारीको दधि पीजीयें ॥ ११९ ॥

॥ दोहा ॥

यों कही गोपीजन सबे,
ठाढी अपने ठोर ।
तबे सुबल बोलत वचन,
सब रसिकन शिर मोर ॥ १२० ॥

॥ छपय ॥

सुबल सुदामा संग,
सखा सेवक सुखदायक,
चँचल चपल प्रवीन,
लीन पद सेवा लायक.
हरिसन हास विलास,
रासलीला वर ल्यावत,
अस प्रभुको आनंद,
अधिक पलपल उपजावत.
पुन सुघर सयाने सब सखा,

रामकृष्ण संगे रहत.
तब सब सखीयनके साथसों,
सुबल वचन साचे कहत ॥ १२१ ॥

॥ दोहा ॥

सुबल कहत साचे वचन, सुनत सख्यनके वृंद ।
सोकवि कछु अब कहतहे, मुक्तदाम यह छंद॥ १२२॥

सुबलोवाचः ॥ छंद मोतीदाम ॥

सुनो प्रिय सुंदरनार सुजान,
मिली हमकोहि दिखावत मान ।
जनावत जोबनको अत जोर,
इछा मन एक दिखावत ओर ॥ १२३ ॥

बनावत बाहिर ओरहि बात,
अती मनमांज रही अकुलात ।
रहे इह बाल रदे रस रीत,
पटावत बाहिर अंतर प्रीत ॥ १२४ ॥

तुमे तुमरो कर आपहि तोल,
बतायदयो अपने मुख बोल ।
मती अपनी अपने मुखद्वार,
लखावत आपहि तेहि लबार ॥ १२५ ॥
अनेक सखी इनके पद आज,
तलासतहे तुमरी शिरताज ।
मयंकमुखी तुमरे शिर मोर,
भरे जल भूधरके घर भोर ॥ १२६ ॥
चतूर महा उपजावत चेंन,
रमापति संग रहे दिनरेंन ।
जुरी जुग जूथधु आवत जात,
सखी ग्रहनंद खरी न समात ॥ १२७ ॥
हरीहिय धारन कारन हेत,
न छांडत नीलज नंदनिकेत ।
उमंग भरी मिल आवत ओर,
ठली तुमसी नहि पावत ठोर ॥ १२८ ॥

हरी जियकी गत जाननहार,
नही नटियें तिनसो व्रजनार ।
कहा मुख मोरत मांखन काज,
लली तुमको नहि आवत लाज ॥ १२९॥
हरी कछु मांगतहे कर हेत,
दुरावतसो अब क्यों नहि देत ।
कहा कछु हे किनकी अब कान,
मृषा करियें न अकारन मान ॥ १३० ॥
सखी किनकी मतमानहुसंक,
अली इनसो मिलियें भर अंक ।
पुनी करियें अधरामृत पान,
जदूवरको जियतें प्रियजान ॥ १३१ ॥
भली विधसो भुज अंकनभीर,
सदा करियें कुळचान सरीर ।
जदूकुलको इह भूषन जान,
सखी मत मानहु आप समान ॥ १३२ ॥

रहे जिनजान हुवे नररुप,
सनातनहे इह ब्रह्म स्वरुप ।
अनोपम रुप धर्यो तिन आज,
रहे तुमरे वससो व्रजराज ॥ १३३ ॥
भयानक देख बडे जगभूप,
रहे अवनीतल सो अघरुप ।
भयो तिनको भुवके शिर भार,
उतारन काज धर्यो अवतार ॥ १३४ ॥
महाजड जीव सु मूंढ मलीन,
दयानिध्द देख दुःखी अरुदीन ।
उधारन कारन सो व्रज आय,
गिरामनतीत चरावत गाय ॥ १३५ ॥
हरि सचिदानंद ग्वाल न होय,
कहो इनको जिन लंपट कोय ।
वपुकृत लोकिक जो विवहार.
लगे इनको नहि एक लगार ॥ १३६ ॥

जथातरनी जल भाजन जोग,
लषे जल भांड मिल्यो सब लोग ।
परीतरनी जल भाजन पार,
वहान लगे जल भांड विकार ॥१३७॥
दिनकर तें जल भाजन दूर,
सदा निरलेप रहे नभसूर ।
पुनी जितने जल भांड प्रपंच,
रवी तनसो न लगे इक रंच ॥ १३८ ॥
जथा तनतें मनतें प्रभुतीत,
अनावृत आप अखंड अजीत ।
हरी करही कृत सो जन हेत,
सुभासुभ जो गुन दोष समेत ॥१३९॥
करे सबही अपने जन काज,
अति उतकृष्ट क्रिया क्रम आज ।
लगे तिनको न कदाचित लेस,
हरी सुध कैवल रुप हमेस ॥ १४० ॥

निरंजन अंजन गंजन आप,
विभंजन मंजन रंजन माप।
अलींगन लिंगन भंगन अंग,
असंगन संगन रंगन ढंग ॥ १४१ ॥
निरासन आसन सासन मास,
निवासन भासन त्रासन तास !
न मातन तातन जातन भात,
अघातन खातन बात विख्यात ॥१४२॥
असांनन सांनन जानन आन,
अथांनन थांनन मानन भान।
अवाचन वाचन साचन जूठ,
अव्याकृत भेद गयो सब उठ ॥ १४३ ॥
वदे न इती न इती कर वेद,
भली विध जानत कोइक भेद।
असीपद वेद कहे अविनास,
रमावत सो तुमको नितरास ॥ १४४ ॥

धरे जिनको सनकादिक ध्यान,
पिछानत व्यापक वेद पुरान ।
कहायत जो अब नंद किसोर,
चिदानंदसो इह माखन चोर ॥ १४५ ॥
सदा जिनके जश गावत सेस,
मिली अज इंद्र मुनींद्र महेस ।
अली इन ईसनके शिर ईस,
जदूवर तेज सदा जगदीस ॥ १४६ ॥
विसारद नारद सारद व्यास,
पछानत पूरन जोत प्रकाश ।
परीतदपी नहि पावत पार,
नचावत हों तिनको व्रजनार ॥ १४७ ॥
जथारथ आतम इसन जीव,
सनातन ब्रह्म निरंतर सीव ।
सदा जिनके पद सेवत संत,
भयो तुमरे वस सो भगवंत ॥ १४८ ॥

अखे अज एक अरुप अनाम,
कहे उपनिषद पूरन काम ।
दया करसो तुमको सुख देत,
हसावत ग्वाल बढावत हेत ॥ १४९ ॥
जती जिनकारन साधत जोग,
भले सब त्यागत ईंद्रिय भोग ।
दुखीत वृथा तनको दुखदेत,
हरी सूपनेन मिले बिन हेत ॥ १५० ॥
कहो व्रजनार कहा तप कीन,
लला जिनतें अपनो करलीन ।
भले प्रगटे तुमरे शिरभाग,
रमाप्रियसो करीयें अनुराग ॥ १५१ ॥
अती अदभूत चरीत उदार,
करे व्रजमंडल नंदकुमार ।
दिखावन आप जहा निरदोष,
मुकंद द्रढावन कैवल मोष ॥ १५२ ॥

अली इन कारन भुतल आन,
भयो अवतार जदूकूल भान ।
अती इह आशय हेजु अगाध,
सके समजी जनजो वृत साध ॥ १५३ ॥

दयानिधको इह दुर्लभ देश,
सराहतहे विधि शंकर सेस ।
गती अतसे करजो इह गूढ,
रदे तदरूप रहे पदरुढ ॥ ॥ १५४ ॥

छपय.

इह लीला अदभूत,
जथारथ कोइक जानत ।
सकल जक्त साक्षात,
प्रगट परब्रह्म पिछानत ।
करतव काय कलेस,
लेस तिनको नहि लागत ।

स्वपद रहें समाय,
मह्राजन मुक्त न मागत ।
पुन असनित जानत आपको,
असंग पूरन पद अभय ।
कहे जन बिहारी सो जानीयें,
महामुक्त विज्ञानमय ॥ १५५ ॥

॥ दोहा ॥

महामंगल आनंदमय, स्वस्वरुप निज सार ।
व्रजभोमी अवतार भय, करत सुचरीत उदार ॥

॥ सोरठा. ॥

प्रभु सत रज तम पार,
गुनागार मानंदघन ।
माननी संग मुरार,
करत केल मोहनमदन ॥ १५७ ॥

॥ दोहा ॥

मगम भई सब वचन सुनी,
पुनि पुनि करत प्रनाम ।
जन्म करम तुमरे नही,
प्रभु तुम आप अकाम ॥ १५८ ॥
अक्रिय आप अनामी अज,
जन्म धर्यो जनहेत ।
करत चरीत प्राकृतसु इव,
दयासिंधु सुखदेत ॥ १५९ ॥
सुनहू नाथ विनती अबे,
तुमसो कहु कछु ओर ।
पानकरहु पय प्रेम करि,
स्याम सकल शिरमोर ॥ १६० ॥

॥ सोरठा ॥

कहा दुग्धको तोल,
तन मन वारों चरनपर ।

हम सब दासि अमोल,
प्रभुपद पंकज रेनकी ॥ १६१ ॥
तुमरे दरस अमोघ,
भाग्य बडे हमको भए ।
सब नासे अघमोघ,
महामंगल छबि निरखके ॥ १६२ ॥
यों कहि नायो सीस,
सब सखीयन हरिचरन मह ।
तब बोले जगदीस,
पुरुषोत्तम अति प्रेमकर ॥ १६३ ॥

॥ कुंडलीया. ॥

व्रजबाला मम प्रानप्रीय,
तुमरो हेत विचार ।
में अनाम अक्रीय अज,
प्रकृति गुनतें पार ।

प्रकृति गुनतें पार,
वचन मन बुध गोतीतं ।
निरमल निश्चल नित्य,
निरामय आप अद्वैतं ।
सो में धरो अवतार,
करुं अति चरीत रसाला !
धन धन तुम व्रजनार,
प्रानप्रीय मम व्रजबाला ॥ १६४ ॥

॥ दोहा ॥

पुरुषोतम सब प्रेमदा,
भये सकल रसरुप ।
पान कीये दधि प्रेमसो,
आनंदकंद अनूप ॥ १६५ ॥
मोहनके सन माननी,
बोले प्रेम प्रकाश ।

अपनी बड़ाइ जानके,
करहु चरनकी दासि ॥ १६६ ॥
अंतरजामी आप प्रभु,
हियको समुजी हेत ।
तट यमुना ततकाल तब,
आये सखा समेत ॥ १६७ ॥
श्याम सुंदरी सब सखा,
रसमय भये रसयेन ।
अति मति पागे प्रेमसो,
मोहन मरदन मैंन ॥ १६८ ॥
अति उमंग आनंदसो,
रसिक बजाई बैंन ।
धुनि सुनि मुनि धाये सकल,
सुफल करन निज नैंन ॥ १६९ ॥
सर सरोज विकसे सकल.
गूंजतहे अलीमाळ ।

सुक पिक सारस सारिका,
बोलत बचन रसाल ॥ १७० ॥

सोलकला पूरन ससी,
दस दिसिकीन प्रकाश ।
सुधा श्रवत रसमी सकल,
गयो तिमर सब नास ॥ १७१ ॥

कनक भोमी मनीमय जटित,
जोजन एक प्रयंत ।
व्रजाधीस व्रजवधु सकल,
दरसत एक अनंत ॥ १७२ ॥

सुंदर सरवरी निरखके,
हरिमन भयो हुलास ।
वृछवेली फूली विविध,
कोमल कुस्म सुवास ॥ १७३ ॥

॥ छंदजात हनुफाल ॥

सुभवास सुभन प्रकाश,
तहां रच्यो मनोहर रास,
अति सुभग जमुना तीर,
गंभीर निरमल नीर ॥ १७४ ॥

तट कदम ब ल अनार,
सुरतरु श्रीफल सार ॥
पुनिपुंगी केलि रसाल,
जंबेरी जांबु तमाल ॥ १७५ ॥

केतकी कनीयर जाय,
मालती सुभग सुहाय ।
चंबेली गुल गुलबास,
माधवी किंदु सुवास ॥ १७६ ॥

मंदार वृंदावृंद,
सुभ श्रवत है मकरंद ।

इत्यादि वृक्ष अपार,
बनवेली भार अढार ॥ १७७ ॥
फलफूल दल अगनीत,
अलीमाल गावत गीत ।
कोकिला चात्रक मोर,
पुनी चक्रवाक चकोर ॥ १७८ ॥
सारिका सारस हंस,
जनु करत कृष्ण प्रसंस ।
सुभ करत सुंदर गान,
मन मुदीत भए गुलतान ॥१७९॥
अस निरख आनंदकंद,
सब ग्वाल गोपीवृंद ।
ततपरसु भए ततकाल,
गल धरे गुंजामाल ॥ १८० ॥
अति हावभाव प्रकाश,
हिय धरत अति हुलास ।

सुभ सकल साज संवार,
वाजिंत्र विविध प्रकार ॥ १८१ ॥

॥ दोहा ॥

सुर निरखन आए सकल, अपसर गननि अपार।
चढि विमान चकित भए, वंदत वारंवार ॥१८२॥
तीन ग्राम सुरसप्तके, साजे सकल समाज,
बहूविधबंसी नादमें, गावत हे वृजराज ॥१८३॥

॥ छंद त्रीभंगी ॥

वृजराज सुरंगं आनंद अंग,
अति उमंगं उछरंगं।
मनुकोटि अनंगं धारागंगं,
बजत मृदंग मुरचंगं ॥ १८४ ॥
भिन भिन वपुधारी मदनमुरारी,
भवदुखहारी गिरधारी।
भुजपर भुजधारी पानपसारी,
लेतसुतारी वृजनारी ॥ १८५ ॥

खेलत व्रजबाला कृष्णकृपाला,
रमतरसाला वृजलाला ।
हियहार विसाला जबकतजाला,
गतिमराला गजचाला ॥ १८६ ॥

जुगजुग व्रजभामा दक्षणवामा,
मध अभिरामा घवश्यामा ।
सुंदर सुखधामा पूरनकामा,
आप अकामा गुनग्रामा ॥ १८७ ॥

अपसर सुरहरषे पुष्पनी वरषे,
नैंननि नरषे पीयपरषे ।
मनमथ आकरषे तारूनी तरषे,
सरषासरषे सुखवरषे ॥ १८८ ॥

सुंदर सुरजीने कौतककीने,
परमप्रवीने रसभीने,
परमामृत पीने निजजन चीने,
नाथनवीने सुखदीने ॥ १८९ ॥

निजजन सुखदायक सुभगुन लायक,
मोहनमायक गुननीपरं ।
सब सुरनरनायक संतानिसायक,
कायकवायक रोगहरं ॥ १९० ॥

प्रभु परम पुनीतं जनमन जीतं,
गावत गीतं संगीतं ।
हरि अकल अजीतं मनगोतीतं,
आप अमीतं अद्वैतं ॥ १९१ ॥

॥ सोरठा ॥

रसिक बनायो रास,
हिय हरषे हरिगोपिका ।
पूरन प्रेम प्रकाश,
मनमुदीत सबको भयो ॥ १९२ ॥

आनंद भयो अपार,
सब व्रजजनको मन विषे,

वंदत हे व्रजनार,
    जन बिहारी करजोरी जुग ॥१९३॥

॥ छपय ॥

रास रच्यो जदुराय,
    अती आनंद सुखकारी ।
कीने अदभुत केल,
    महाबन मदन मुरारी ।
जिनको गावत सेस,
    सदा सनकादिक ध्यावे ।
धरही रिदेमें ध्यान,
    पुरंदर पार न पावे ।
गनपतदेव नितप्रत रटे,
    सुमरे सारद नेमसुं ।
पुनिजन बिहारी करजोर कहे,
    पुरुषोतम भज प्रेमसुं ॥ १९४ ॥

असप्रभु निसिदिन केल,
करत दिनादिन प्रतदेवा ।
अति अनूप रसरुप,
अमीतगुन अकल अभेवा ।
अज अविनासी एक,
सेषश्रुतीको जेहि हारद ।
जानत संत म
निगम मुख गावत नारद ।
सनकादि सेस शंकर रटे,
मनमुदीत मानंदघन ।
सोसगुनरुप विहरत हरि,
निज जनतारन संतगन ॥ १९५ ॥
विक्त निसाभय भोर,
भ्रमर पंछी बनबोलत ।
कीय जमुनाजल स्नान,
गोपी गोविंद सनदोलत ।

मधुर बजावत बेंन,
धेंन चारत गिरधारी ।
नित नौतन छबि अंग,
संग ग्वालन सुखकारी ।
करी प्रनाम पदधारी चित,
आग्या मागत सब सखी ।
तब विदा करी हरिहेतसो,
भवन गइ काहुन लखी ॥ १९६ ॥

॥ छंद मनहर ॥

सुबल सुदामा संग, रसिक रचायो रंग,
आनंद सुभरे अंग, फूलचुनी लायेहे ।
रूचीर बनाई दाम, अहोयाहि अभीराम,
स्याम सुख धाम ताके गळ पहराइ हे ।
गुंजनकी माला ओर सुभग बनाई बोर,
शाम शिरमोर उर धरी छबि छाए हे ।

वंदन करत ग्वाल बाल मन मोद धरे,
निरखो दयाल निज नेंननी सराए हे ॥१९७॥

॥ दोहा ॥

दिन वितीत भय देखके, सकल सखाके वृंद ।
विनयकरत करजोरि जुग ग्रेह चलहु गोविंद॥
तबे कृष्ण कहे सब सखा, गोधन लीजे संग ।
सुरभी एकठो साजके, व्रजको चले उमंग ॥१९९

॥ छंद इंद्रविजय ॥

बंसि बजावत गावत सुंदर,
गीत अनोपम आनंदकारो ।
फूलनके गजरा शिर सोहत,
कानन कुंडल कुसम सुधारी ।
श्रेष्ट सखा मिल नाचत कूदत,
गौअन संग बने गिरधारी ।
नाद नजीक सुन्योहि सखी सब,
मंदिरतें निकसी वृजनारी ॥ २०० ॥

॥ दोहा. ॥

अहो सखी आवत सबे, ग्वाल कृष्ण बलराम,
अपने भाग्य सराय अति, पुनि पुनि करत प्रनाम ॥

॥ पद राग गोडी. ॥

सोई गोविंद गौअनि संग आवे,
जाकुं निर्गुन ब्रह्म निगम गावे ।
सोई गोविंद गौअनि संग आवे. टेक.
गौर स्याम जुग जोरी मनोहर,
नंद जसोदाके कुंवर कहावे ॥ १ ॥
सुंदर वदन कमलदल लोचन,
मुख सोभा वरनी न जावे. ॥ २ ॥
सुंदरमाल गले मोत्यनकी,
फूलनिके गजरा फाबे ॥ ३ ॥
सुंदर चाल चलत गजकीगत,
मोर मुकट कीलट कलावे. ॥ ४ ॥

मोरलीकी धुनी सुनी धाइ सकल सखी,
स्याम मिलनको चित चावे. ॥ ५ ॥
ठोर ठोर सखी लेत बलैया,
भर लोचन दरसन पावे. ॥ ६ ॥
मात जसोदा आरती साजे,
जन बिहारी जुके मन भावे. ॥ ७ ॥

॥ दोहा. ॥

मोहन मंगल मूरती, मोहन मंगल बेंन ।
मोहन मंगल बंसुरी, सब गुन मंगल एन ॥२०२॥
सुखकारी आए सदन, आनंद भयो अपार,
उस्नोदक आनी धर्यो, मंजन कीन मुरार ॥२०३॥
पीतांबर पहेरे प्रभु, आये आप निकेत,
आसनपर आनंदघन, बेठे भ्रात समेत ॥ २०४ ॥

॥ पद राग गोडी ॥

हरीको प्राननितें प्रिय जीयजानी,
असकरत आरती नंदरानी. दोढ. ॥ १ ॥

कांचन थाल कपुरकी बाती,
अग्रधुप चंदन आनी ॥ २ ॥
अंकुर पान फूलफल अक्षीत,
दधीदुर्वा मंगलखानी ॥ ३ ॥
जारत वदन यसोदा गौरज,
सुत निरखत जुग सुखदानी ॥ ४ ॥
आरती वारती वदन निहारती,
हरषित हिय मुख मुसकानी ॥ ५ ॥
निरखत सुंदर स्याम सकल सखी,
वंदत जोरी जुगलपानी ॥ ६ ॥
गावत ग्वाल बाल मिल मंगल,
उचरत मुख अमृत बानी ॥ ७ ॥
लीला ललीत लाल गिरधरकी,
जनबिहारी जुके मनमानी ॥ ८ ॥

॥ अथ ध्यानमंजरी ॥

॥ दोहा ॥

अदभुत छबि आनंदमय, मेरे जीवन प्रान,
जनबिहारी करजोरी जुग, बहुरी करों बखान २०५

॥ छंदजात बेआखरी ॥

बहुरी करों प्रभुकी छबि बरनन,
चित मेरो लागो जिन चरनन ।
यथायोग हे यह छबि जेसें,
कही न जात कवि वरनन केसें ॥२०६॥

स्याम सरुप सुभग तन सुंदर,
वृजाधीस वृज नटनागरवर ।
चरनन करत चारु नेपुरधुन,
होत अधीर धीर यह धुन सुन ॥२०७॥

सुंदर जुगल जानु जंघावर,
कटितट कटिमेखला मनोहर ।

अद्भूत उदर बीच नाभी अध्द,
मनहाँन भमर परत जलके मध ॥२०८॥
बनी विशाज उरमाल मनोहर,
सुभगुन सकल सदन सुंदरवर ।
अति कपोत करकंठ विशेषा,
ताबिच रुचीर बनी त्रयरेषा ॥ २०९ ॥
पुनी प्रचंड भुजदंड बाहुबल,
खेद लहे जिनतें केवलखल ।
रतन जटित कर कंकनराजे,
बांहन वाजुबंध बिराजे ॥ २१० ॥
अधिक अधिक पलपल छबि आनन,
मकराकृत कुंडल छबि कानन ।
चारुचिबुक जुगदसन पांतिवर,
नवल नासिका सुभ अति सुंदर ॥२११॥
गुलीक जुगल गंडस्थल सोहन,
मुसकन हसनमदन मनमोहन ।

चँचल चपल चारु जुगलोचन,
परम दयाल दीन दुखमोचन ॥ २१२ ॥
रुचीर भाल गौरोचन रेषा,
बनि लिलाट बिच बिंदी विशेषा ।
पेंचदार पगरी शिर सोभित,
जिन अतिकीन मदनमन क्षोभित ॥२१३॥
मनी जटीत शिर मुकट मनोहर,
ताबिचलसत ललित मुक्तावर ।
अंग अंग अंबरवर भूषन,
जिनके दरस मिटे सब दूषन ॥२१४॥
कोटि कोटि मंगलमय मूरत,
सुक्रित कोटिसदन इह सूरत ।
अति विचीत्र लीला विस्तारन,
यदुकुल जन्म धर्यो जन कारन ॥२१५॥
अजर अमर गुन अगुन गुसैयां,
सो प्रभु चारत बन बन गैयां ।

श्रुतीपुरान कोउ पार न पावे,
सो प्रभु ग्वालन ग्वाल हसावे ॥२१६॥
जिनको जोगेस्वर नही जाने,
सो ललना रसरूप लुभाने ।
जिनको शिव सनकादिक ध्यावें,
सो प्रभु ग्वालनसो मिल गावे ॥२१७॥
जिनकी महीमा कहीन जावत,
तिन प्रभुको वृजनार नचावत ।
कानकान पुनि कहत कनैया,
लेले नाम लडावत मैया ॥ २१८ ॥
निरविकार निजरुप दिखावन,
व्रजविहारी कीनो वृज पावन ।
अती अगाध आशय दिखरायो,
किनकिन विरले संतन पायो ॥ २१९ ॥
दीनदयाल जानि जदुनंदन,
वारवार करहों पद वंदन ।

दास बिहारी जानि जन अपनो,
स्वामी दूर करो जग सपनो ॥ २२० ॥

॥ दोहा ॥

सुखद सिंधु अवतार सब,
रतन कृष्ण बलराम ।
सोव सहु ममचित सदन,
ध्यान जोग छबि धाम ॥ २२१ ॥

छपनभोग विंजन छती,
पिरस धरे निजमात ।
भोजन करि हरि भावसें,
आनंदकंद अघात ॥ २२२ ॥

यमुनाजल मगवायके,
कीये आचमन पान ।
पान सोपारी एलची,
आरोगे भगवान ॥ २२३ ॥

तबे मातु प्रभू प्रातसो,
सुख सय्या पधराय ।
गोपीजन प्रेमे ठगी,
नंदभुवन फिरि आय ॥ २२४ ॥

करत कथा श्रीकृष्णकी,
बनबन कीये विख्यात ।
उंघे हे आनंदघन,
पुनी जागे परभात ॥ २२५ ॥

॥ छपय ॥

आप सखा मिल संग,
करत बनबन प्रतलीला ।
पुनि आवत निज भुवन,
श्याम सुंदर सुभसीला ।
करत चरीत अदभूत,
महामंगल मनरंजन ।

निज जनको सुखदेत,
आप प्रभु निरीह निरंजन ।
अरुयह लीला पावन परम,
रामकृष्ण जो करत नित ।
सो रामकृष्ण सर वातमां,
सुखकारी मम वसहुचित ॥२२६॥

॥ सोरठा. ॥

एह हे बाल विनोद,
रामकृष्णके यश विसद ।
जन बिहारी मनमोद,
कहत सुनत सुख लहे अमित ॥२२७॥

दोहा.

कही एक निसिदिनकी कथा,
कछू मनवच सुध हेत ।
गुरु प्रसंस अब कहु कछु,
लछकुलदेश समेत ॥ २२८ ॥

॥ छंद पधरी ॥

धन भरतखंड द्वारिकाधाम,
पुरि निकट वसत कच्छदेश नाम ।
तहा सदा वसत जदुवसराज,
भूव सकल भूप शिर मुकुट ताज ॥२२९॥

नृप नाम राव खेंगार जान,
भुजनगर तखतपर ब्राजमान ।
इह पछमराव भूपाधिभूप,
राजाधिराज राजंद्ररुप ॥ २३०॥

सुभ करम धरम द्वज संत गाय,
नृप सदा करत तिन तिनकी साय ।
द्रढ काछ वाच निज धरमधार,
सब प्रजा सुखद रन सूरवीर ॥ २३१ ॥

तिन महा महीपकें अनुज भ्रात,
तिहि वंस स्वामी देवा विख्यात ।

सो जग प्रसिद्ध भए परमसंत,
महाराज हमारे गुरु महंत ॥ २३२ ॥
जदुवंश राजकुल जन्म लीन,
गुरु प्रथम सकल सुभ करम कीन ।
तिन पठन वेद यम नियम जाप,
संध्यादि सकल विधि करत आप ॥ २३३ ॥
कछु काल कीन इह कर्मकांड,
पढि तबही सांख्य सोध्यो ब्रह्मांड ।
पुनि सकल सांख्य गुरु हृदयधार,
चोईस तत्वको करि विचार ॥ २३४ ॥
सब तत्व गनत जो रहेत सेष,
सो परम तत्वपद अज अलेष ।
तिन परमतत्व बिन इतर आन,
संसार सकल मृगजल समान ॥ २३५ ॥
पुन सेष आदि ब्रह्मा प्रयंत,
इह नाम रुप सब नासवंत,

जड दुख विना समय जग असार,
अस कहत साध्य करके पुकार ॥ २३६ ॥
सो सुनत श्रवन मन वचन काय,
उपज्यो निदान वैराग्य आय ।
तब राजभोग सब रोग जान,
गुरु कीन त्याग छरदी समान ॥ २३७ ॥
कृत त्याग कीन मन वचन काय,
थित कीन लीन पद ब्रह्म दिसाय ।
अस श्रवन मनन निदध्यास सार,
भये यह प्रकार साक्षातकार ॥ २३८ ॥
तब उपक्रम उपसंहार कीन,
अभ्यास अपूरवता प्रवीन ।
फल अरथवाद उपपतीय मान,
यही षट प्रकारके श्रवन जान ॥ २३९ ॥
पुनि मनन कीये षटविध प्रकार,
एकाग्र चित आतम विचार ।

निदध्यास अखंडीत तैलधार,
  चीन्यो निज आतम परापार ॥ २४० ॥
सुसमाधी असंप्रज्ञात जान,
  साक्षातकार सोही प्रमान ।
धे ध्याता भाव न रंचताही,
  त्यागेत तत्वं एक असी रहाही ॥ २४१ ॥
नित नेति नेति जो कहही वेद,
  पायो परमातम ब्रह्म भेद,
उपनीषदको जो सेश सार,
  सद सोइ लहो करिके विचार ॥ २४२ ॥
जग आप आप जग ब्रह्मरुप,
  आतमानंद अनुभव अनूप ।
सब द्रस्य पदारथ नास कीन,
  द्रष्टा निज साक्षी सकल चींन ॥ २४३ ॥

सो गुरुदेवा देवाधीदेव,
  मम हृदय वसहु नित करहों सेव ।
कहे विहारी गूरु आतमाराम,
  तेहि चरनकमल पुनि पुनि प्रनाम ॥२४४॥

॥ छप्य ॥

अष्टादस सत सवंत,
  व्यासीया वरष सुजानो ।
भादुमास सुभवार.
  सुक्ल सप्तमी बखानो ।
तादिन ग्रंथ प्रकाश,
  गाम हमला मधकीने ।
सुध असुध कछु होय,
  सुधारी लेहु प्रवीने ।
एह बालविनोदहि ग्रंथको,
  पढे सुने धरी प्रेमचित ।

कहे जन बिहारी वंछित लहे,
श्रीगुरुदेवा प्रस्न नित ॥ २४५ ॥

॥ दोहा ॥

श्रीगुरु पदरज परसके,
कीनो ग्रंथ प्रकाश ।
कहत सुनत निजपद लहें,
होतही ब्रह्म हुलास ॥ २४६ ॥

इतिश्री बावा विहारीसाहेब विरचीते
सदशास्त्रे कुष्णबाल चरीत्रे
श्रीकृष्णबालविनोदभाषा
संपूर्णम् ॥



ॐ

श्रीगुरुदेवायनमः ॥

अथ गनेसगिराओ हरिहर स्तुति ॥

॥ कुंडलीया. ॥

गौरीनंदन गाइयें, प्रथम करी परनाम,
विघनहरे विज्ञानघन, अमर इस गुनधाम ।
अमर इस गूनधाम, सदा संतन सुखदायक,
भवतारक भगवंत, भक्तजन भजवे लायक ।
कहे वेरा करजोर, करों प्रभुके पद वंदन,
प्रथम करी परनाम, गाईयें गौरीनंदन ॥ १ ॥

(२)

गीरा सुधारन गनपती, देवा बडे दयाल,
सबतें पहेला सुमरीयें, लंबोदर सुंडाल ।

लंबोदर सुंडाल, भाल सिंदोर सुधारी,
एक रदनवर वदन, सदन मंगल सुखकारी ।
कहे वेरा करजोर, नाथ सब दोष निवारन,
देवा बडे दयाल, गनपती गिरा सुधारन ॥२॥

(३)

सुधबुध नायक सुमरीयें, आदी वंदन जोग,
तीनको तीनों भवनमें, लेत नाम सब लोग ।
लेत नाम सब लोग, सदा सुरनर मुनीघ्यावे,
स्वर्ग मृत पाताल, सकल जिनके जशगावे ।
कहे वेरा करजोर, महा मंगल सुखदायक,
आदी वंदन जोग, सुमरीयें सुधबुध नायक ॥३॥

(४)

ज्ञान विसारद गनपती, गुणातीत गुणईस,
जो व्यापक सब जक्तमें, परंजोति जगदीस ।

११

परंजोति जगदीस, निगम नेतीकर गावत,
सारद नारद सेस पार जिनको नही पावत,
कहे वेरा करजोर, संतजन समजे हारद ।
गुणातीत गुगईस गनपती ज्ञान त्रिसारद ॥४॥

(५)

समरों देवी सारदा, गिरा सकल गुनधाम,
वरनों बचन विलासनी, निरमल जाको नाम ।
निरमल जाको नाम, ग्रंथ आदी सब गावे,
कविजन करे उचार, सदा संतन मन भावे,
कहे वेरा करजोर, अजनमा अकल अभेवी ।
गिरा सकल गुनधाम, सारदा समरों देवी ॥५॥

(६)

हंसवाहनी हंसपर, धरे निरंजन ध्यान,
वीणा पुस्तक धारिणी, करे हरिगुन गान ।
करे हरिगुन गान, ग्रंथ नाना नित गावे,
विविध भाति विस्तार, गानकर तान मिलावे ।

कहे वेरा करजोर, अखंडानंद दायनी,
धरे निरंजन ध्यान हंसपर हंसवाहनी ॥ ६ ॥

(७)

जक्त विख्याता सारदा, गिरा भारती जान,
कौमारी वरदायनी, वाघेश्वरी पिछान ।
वाघेश्वरी पिछान ब्रह्मचारणी कहावे ।
हंसवाहनी नाम, भूवनेश्वरी भणावे,
कहे वेरा करजोर, चंद्रघंटा बुधदाता ।
गिरा भारती जान, सारदा जक्त विख्याता ॥७॥

(८)

शब्दब्रह्म नित सरस्वती, करही वचन विलास,
मम रसनाके अग्रपर, नीके कर्यो निवास ।
नीके कर्यो निवास, निरंतर नाम उचारे,
अपनो आतमरुप, सदा अपने उरधारे ।

कहे वेरा कर जोर, धरे एही चितवन चित,
करही वचन विलाश, सरस्वती शब्द ब्रह्मनित॥८॥

(९)

शंकर शंकर समरीयें, प्रभु प्रानआधार,
परंजोति परमातमा, सकल तत्वको सार।
सकल तत्वको सार, पारं ब्रह्मा नहि पावे,
अगम अगोचर धाम, निगम नेतीकर गावे।
कहे वेरा करजोर, मूरती ज्ञान मयंहर,
प्रभु प्रानआधार, समरियें शंकर शंकर॥ ९ ॥

(१०)

शिव शिव ताको सुमरियें; ब्रह्मकैवल भगवान,
अनघड अचल अमूरती, चिदानंद विज्ञान ।
चिदानंद विज्ञान, जक्त उपजत इह जासे,
ब्रह्मा त्रण परियंत, कीटकुंजर परकासे।
कहे वेरा करजोर, निगमनेती कहे जाको,
ब्रह्म कैवल भगवान, सुमरियें शिवशिव ताको १०

(११)

शंकर दाता सकलके, मनवंछित वर देत,
धर्म अर्थ अरु कामजे, सोंपे मुक्ति समेत ।
सोंपे मुक्ति समेत, सदाशिवको जब सेवे,
कैवलपद कैलास दयाकर तिनको देवे ।
कहे वेरा करजोर, रंग हम तिनकेराता,
मनवंछित वरदेत, सकलके शंकरदाता ॥११॥

(१२)

निज सोभा यह नाथकी, भस्मी अरू भुयंग,
सोभित सुंदर वदनपर, चंदभाल शिरगंग ।
चंदभाल शिरगंग, अंग वाघंबर धरही,
रुंडदाम अभिराम, काम जिनके डरडरही ।
कहे वेरा करजोर, गौरी मन देखत लोभा,
भस्मी अरू भुयंग, नाथकी यह निज सोभा १२

(१३)

नौतम सोमित नंदिपर, सदागौरी शिवसंग,
देखनको दो तन कीए, भवभवानी इक अंग ।
भवभवानी इक अंग, ध्यान ताको उर धरहीं,
निमसकार करि वारवार, पदवंदन करहीं ।
कहे वेरा करजोर, जुगल वसहु मेरे मन,
सदा गौरी शिवसंग, नंदिपर सोभित नौतन १३

(१४)

जयजय दुर्लभ जक्तगुरु, जय विष्णु जगदीस
तुम देवनिके देव प्रभु, तुम इसनिके ईस ।
तुम इसनिके ईस, कालके काल गुसांई,
तुम परातपर ब्रह्म, प्रगट दिसत सब ठांई ।
कहे वेरा करजोर, सदा संतनिको सुलभ,
जय विष्णु जगदीस जक्तगुरु जयजय दुलभ १४

(१५)

ब्रह्मा करही भजन चित, भवजानतहे भेद,
सुमरे तुमको संतजन वंदतहे नितवेद ।
वंदत हे नितवेद, सदा सुमृती वखाने,
परंजोति जगदीस, इस उपनिषद माने ।
कहे वेरा करजोर, ध्यान जोगेश्वर धरही,
भवजानत हे भेद, भजन चित ब्रह्मा करही १५

(१६)

सब गुनरासी रुपनिध, राजत रमा रमेस,
सुभग सलोनी जोरिजुग, बनी गरुडपर बेस ।
बनी गरुडपर बेस, कहो बरनों छबि केसें,
मोपें कही न जात, जथारथ हे छब्र जेसें ।
कहे वेरा करजोर, कमलतुल रहे विकासी,
राजत रमारमेस, रुपनिध सब गुनरासी ॥१६॥

(१७)

जुगजोरी बेहद बनी, तीनलोक अभिराम,
वारों याके वदनपर, कोटि कोटि छब काम।
कोटि कोटि छब काम वाम पदकी नख सोभा,
उपजतया छबि देख, मुनीजनके मन लोभा।
कहे वेरा करजोर, करो वंदन हरिके पद,
तीनलोक अभिराम, बनी जुगजोरी बेहद ॥१७॥

(१८)

प्रभुपद रजवंदन करे, मुनीजन मनवचकाय,
सो रज अपने सीसपर, शंकर धरे सदाय।
शंकर धरे सदाय, करे अज इच्छा तिनकी,
वालमीक सुकव्यास, करे नित कीरत जिनकी।
कहे वेरा करजोर, धरे शिर सनक सनंदन,
मुनीजन मन वचकाय, करे प्रभुपद रजवंदन १८

(१९)

जल थल व्यापक विष्णु हे, शिव त्योंहिं पहिचान,
एकही रूप अनूप हे, जुगलनाम इह जान ।
जुगल नाम इह जान, करोजिन अंतर कोई,
चैतन पूरन ब्रह्म, हरिहर जानो सोई,
कहे वेरा करजोर, अखंडीत अकल अमापक ।
शिव त्योंहि पहिचान, विष्णु हे जल थल व्यापक ॥

(२०)

देवा यह वर दीजीयें, उपजे आतमज्ञान,
चरन तुमारे चितवसे, धरों निरंतर ध्यान ।
धरों निरंतर ध्यान, अवर इच्छा नहि कोई,
दुर्लभ यह वरदान, दयाकर दीजें सोई ।
कहे वेरा करजोर सदा संतनकी सेवा,
उपजे आतमज्ञान, दीजीयें यह वरदेवा ॥ २० ॥

॥ अथ सुबोध ॥

॥ कुंडलीया. ॥

सगलां पेलो सुमरीयें, गवरीनंद गणेस,
उमा अंगतें उपनो, इश्वरको उपदेश ।
इश्वरको उपदेश, विघ्न सब हरन कहीजे,
सब देवनको देव, सुंडालो सो सुमरीजें ।
कहे वेरा करजोर, वधावी लीजें वेलो,
गवरीनंद गणेस, सुमरीयें सगलां पेलो ॥ १ ॥

(२)

सरस्वति माता सारदा, म्हेर करो मनमाय,
तुम तुठां बिन ग्रंथी एह, क्यौं छुटे घटमाय ।
क्यौं छुटे घटमाय, दिपक बिन नाहि उजाला,
जड्या जंजीर किंमाड, हुकम बिन खुले न ताला ।
कहे वेरा करजोर, फेर नहि अवसर आता,
मेर करो मनमाहि, सारदा सरस्वति माता ॥२॥

(३)

मागुं हरिकी बंदगी, गुरु पुनी संत अपार,
तनका ताला तो खुले, कृपा करे किरतार ।
कृपा करे किरतार, मिटे मंदिर अंधीयारा,
कथे ग्रंथ गुरुज्ञान, भया दिलमें उजियारा ।
कहे वेरा करजोर, पानजोरी पगलागु,
गुरु पुनीसंत अपार, बंदगी हरिकी मागु ॥३॥

(४)

हे मनबाजी जूठ हे, करो कुबुधको दूर,
रामनाम चित राखीयें सदा आनंद भरपूर ।
सदा आनंद भरपूर, भजनमें भीना रैयो,
या अवसर दिन दोय, फेर नहि बने समैयो ।
कहे वेरा करजोर चेत मन मूरख पाजी,
करो कुबुधको दूर, जूठहे हेमनबाजी ॥४॥

(५)

काया सरखे कोटमें, पुन बहुते परीवार,
निज मनकी कछु नहि चली, काम क्रोध सिरदार।
काम क्रोध सिरदार, नगरमें भया अंधेरा,
निज मनुषा अवतार, गमाया युं जमवारा।
कहे वेरा करजोर, परम तत नामन परखे,
पुन बहुते परीवार, कोटमें कायासरखे ॥ ५ ॥

(६)

जगडा कीजें कालसुं, ले ग्यान ढाल तरवार,
काम क्रोध अरु कुबुधीको, माहे लीधो सबमार।
माहे लीथो सबमार, कालको युं वस करना,
दुबधाको दीवान, पकर गिरदन पग धरना।
कहे वेरा करजोर, रातदिन योंही लडीजे,
ले ग्यान ढाल तरवार, कालसो जगडा कीजें ६

(७)

साचा सांही सुमरीयें, दुख मेटन दातार,
अमृत नाम अनंतको क्यों भूले गेमार ।
क्यों भूले गेमार, एकदिन हे मरजाणा,
लेतां हरिको नाम, तुजे क्या लागे नाणां ।
कहे वेरा करजोर, नामबिन मुक्ति नाही,
दुख मेटन दातार, सुमरीयें साचा सांही ॥७॥

(८)

निरगुन साधु निसप्रही, तिनका मोटा भाग,
अंतरमें चोखा रहे, नहि द्वेस नहि राग ।
नही द्वेस नहि राग, जिनुनें ममता मारी,
नवही तत्वकी वास, अग्निपर सबही जारी ।
कहे वेरा करजोर, तास संग खेले साधु,
तिनका मोटा भाग, निसप्रही निरगुन साधु ८

(९)

बोली बोले हंसकी, धरे बगसा ध्यान,
अंतर कपटी मनहठि, वांचे वेद पुरान।
वांचे वेद पुरान, अनोपम अर्थ बनावे,
आतम जान्या नाहि, किसीविधि संत कहावे।
कहे वेरा करजोर, कपटकी गांठ न खोली,
धरे बगसा ध्यान, हंसकी बोले बोली ॥ ९ ॥

(१०)

जंम खडाहे सीसपर, ज्यौं तीतरपर बाज,
सबकीलारे फिरत हे, हंस हरनके काज।
हंस हरनके काज, बधिक ज्यौं दहुदिस धावे,
बिली मूसाहित काल, निसदिन यों खावे।
कहे वेरा करजोर, चेत मन चंचल भमरा,
ज्यों तीतरपर बाज, खडायों शिरपर जमरा ॥१०॥

(११)

माया एसी मोहनी सब ठग्यो संसार,
सुरनर अरु जोगी जति, सबको कीने छार ।
सबको कीने छार, मारकंड पार न पायो,
ब्रह्माकीट प्रजंत, सबे जीवनी भरमायो ।
कहे वेरा करजोर, बदलकी जेसी छाया,
सब ठग्यो संसार, एसी धुतारी माया ॥ ११ ॥

(१२)

माया तेरी मुरखा, मुंढ मिथ्या करजान,
आगल लोंठा लूटसी, जोबनको जमरान ।
जोबनको जमरान, दया करतें कछु दीनो,
धर्योरयो धनमाल, छोडतुं चल्यो नगीनो ।
कहे वेरा करजोर, सांजमें भइ सवेरी,
मुंढ मिथ्या करजान, मुरखा माया तेरी ॥१२॥

(१३)

माया मिलेन लोभसें. बिना लेख किरतार,
उनको प्रभुजी देतहे, जिन कीया पुन्य वेपार।
कीया पुन्य व्यापार, सवाई करग्या सोई,
सुनरुप शिरपाओ, पलंगपर पोढ्या ओई।
कहे वेरा करजोर, समजवे काची काया,
बिना लेख किरतार, लोभसें मिले न माया १३

(१४)

संत सुमेरे श्रीहरि, में संतनिको दास,
जो संतनिको श्रीहरि, याकी मोकों प्यास।
याकी मोकों प्यास, लगीहे अंतर एसें,
जल बिन जेसें मीन, कमलबिन मधुकर तेसें।
कहे वेरा करजोर, लाज प्रभु हे शिर तेरे,
में संतनको दास, संतसो श्रीहरि मेरे ॥ १४ ॥

(१५)

संत शब्दका पारखु, निरत सुरतकी टेक,
षटही चक्रघट सोधके, चढगए संत अनेक ।
चढगए संत अनेक, जोतका दरसन पावे,
जो पोचे उनदेश, ध्धरनपर फेर न आवे ।
कहे वेरा करजोर, काम नहि उहारवदका,
निरत सुरतकी टेक, पारखु संत शब्दका ॥१५॥

(१६)

राम रेमाना एकहे, मुरख मत भरमाहु,
देव निरंजन दो नही, आलमहंदे राहू ।
आलमहंदे राहु, लोट पुन जेसें चूना,
पुरुष पुरातन एक, सदा जूने तें जूना ।
कहे वेरा करजोर, अप्रमत जाकी महीमा,
मुरख मत भरमाव, एकहे राम रहीमा ॥१६॥

॥ १२

(१७)

कथा बरनु कैलासकी, सोभा अती अपार,
जामें सुंदर जुकरहे, वृक्ष अढारही भार ।
वृक्ष अढारही भार, फूलफल छांडत नाही,
धरी अखंडीत ध्यान, सदाशिव बेठे त्यांही ।
कहे वेरा करजोर, मुनीजनके मनभावे,
सोभा अतिही अपार, वरनमें कबहु न आवे १७

(१८)

प्रश्न कहुं एक प्रेमसो, सुनीयो चित मनलाय,
पूछहू पानी जोरि जुग, दीजें सोइ बताय ।
दीजें सोइ बताय, जक्त यह उपज्यो जातें,
मोकुं मालम नाहि, प्रश्न यह पुछयो तातें ।
इनको उतर आप, कृपा करी कहो खेमसो;
सुनीयो चित मनलाय, प्रश्न एक करुं प्रेमसो ॥

(१९)

जबतें भूल्यों जंत एह, अपनो आतमरुप;
सुध विचार समज्यो नही, पर्यो मोहतम कूप ।
पर्यो मोहतम कूप, रुप अपनो नही जान्यो;
नामरुप सतजान, जगत इह मनते मान्यो ।
चौदभुवन त्रैलोक, फुरेहे मनको तबतें;
अपनों आतमरुप, जंत एह भूल्यो जबते ॥१९॥

(२०)

नाम रुप गुनकर्म जेह, सुभाव सोक्षमस्थुल;
कल्पीत आतमके विषे, जेसें नभके फूल ।
जेसें नभके फूल, ससकके श्रंगसम जानो;
सीपरूप जेवरी, व्याल मृगजलवत मानो ।
जेसें निसीको सुपन, पर्यों ज्यों सिंधकूप पुन,
सुभाव सोक्षमस्थुल, नाम अरुरुप कमगुन॥२०॥

॥ दोहा ॥

मनबुधि चित अहंकार तें, जो उपजत हे जान;
ताहिको सत जानवो, एही बडो अज्ञान ॥२१॥

॥ सोरठा ॥

नाम रुप गुन भेद,
गगन फुल मृगवारीवत ।
कलपीत विधी निषेद,
नाही नाही जो निगम कहे ॥ २२ ॥

॥ दोहा ॥

वाणी वचन विलासतें, नही पावे निजभेव;
विहारी वस्तु तो मिले, करे कृपा गुरुदेव ॥२३॥
सूरत तुमरी सदगुरु, छिन एक विसरत नाहि ।
महा ललीत छबि लिखधरी, मनमंदीरके माहि २४

॥ चोफला ॥

सुण मन गाफल चेत हरामी,
कूड कपट क्यों करते ।

मनमें मेल कमलमें काती,
मुखसें सांही सुमरते ।
जोबन दिनमें जेसी करते,
आगू एसी भरते ।
जन वेरा कहे मानव मुरख,
बे फिकराइ फिरते ॥२५॥

(२६)

संग नही कीजें कामनीको;
बिन आपन अरधंगा ।
रावण सरखे राज गमाया,
परनारीके संगा ।
जालव चाले जोबनकुंतो,
सदा रहे अडभंगा ।
अडसठ तीरथ पास वाहिके,
घर भींतरहे गंगा ।

जन वेरा कहे मानव मुरख,
छोड पतंगी रंगा ॥ २६॥

(२७)

मात पिता सुत पूत लुगाइ,
मुरख कहे घर मेरा ।
हस्ती बेडा माल खजाना,
तामें नही कछु तेरा ।
धरमरायके शिरपर तेरे,
जम किंकरका हेरा ।
अब चूको चोरासीमें तुं,
बोत फिरेगो फेरा ।
जन वेरो कहे मानव मुरख,
नहि तिलभर कछु तेरा ॥ २७ ॥

(२८)

तीरथ तोकुं तुरत बतावुं,
परहर परकी निंदा ।

दिलकी दुबधा छोड परीतुं,
मानव मेट कुबुधा ।
करले सेवा मात पिताकी,
जन्म दीयो जिन अंधा ।
कायाको इतबार न करनो,
जिनका टोकडा संघा ।
जन वेरो कहे मानव मुरख,
भूल गयो तुं बंधा ॥ २८ ॥

(२९)

यांतु आयो बहू सुख पायो,
क्यातें सुकित कीनो ।
भव अपनामें हरिके नामें,
क्या तें दुष्ठी दीनो ।
गाफल तेरे ग्यान बताये,
दिल भितर नहि भीनो ।

आप स्वारथे दुस्कृत करते,
बंदा नही तुं बीनो ।
जन वेरो कहे मानव मुरख,
उलटो पातक लीनो ॥ २९ ॥

॥ सवैया मतगयंद ॥

नीत हजार करे नर हूंनर,
उदर कारन आन उपाई ।
धायके धुंध करे धनकारन,
लोभके संग रयो ललचाई ।
वेद पुरान कुरान पढ्यो मन,
भेद विन्या जुरयो भरमाई ।
वेरो विचार करे दिजमाह्निजु,
हे जगकी सब जूठि सगाई ॥ ३० ॥

(३१)

काल भयानकके डरते,
डररे डररे डररे डररे तुं ।

केवल सूध विचार सदा,
करेरे करेरे करेरे करेरे तुं ।
आतम ध्यान अखंड रदे,
धरेरे धरेरे धरेरे धरेरे तुं ।
दास बिहारो कहे भवको,
तरेरे तरेरे तरेरे तरेरे तुं ॥ ३१ ॥

॥ इति सूबोध कुंडलीयादिकाव्य
संपूर्णम् ॥



अथश्री चोवीस अवतार हरियश वर्णन ॥

॥ छंद गंभीर चोपाइ. ॥

प्रथम करी परनाम, नाम गनपतिको लीजे ।
बरनों हरियश विमल, दया करिसो बुध दीजे ।
पुन प्रनमु कर प्रीत, सारदा सुभगुन दाता ।
कीजें बुंध प्रकाश, महरकर ममउर माता ॥१॥
समरों हरिगुरु संत, सदा सुख सागरस्वामी;
जो जग तारन तरन, सरन जग अंतरजामी ।
तिनके चरन सरोज, ध्यान ताको उर ध्याउं ॥
पुन पुन करी प्रनाम, चरनरज सीस चढाउं ॥२॥
करों सार अवतार, कथा कीरत प्रभुकेरी ।
बरनों बुध अनुसार, यथामति सांम्रथ मेरी ॥
वालमीक सुक व्यास, विमल जिनके यश गावे ।
सारद नारद सेश, सूत सनकादिक ध्यावे ॥३॥

जय जय आदि वराह, मीन वामन मनवंतर,
सनकादिक नरसिंह, देनवर ध्रुव धनवंतर ।
कपिल कमठ हयग्रीव, हंस हरि नरनारायन,
रिषभदेव रघुवीर, कृष्ण परब्रह्म परायन ॥४॥
बुध निकलंकी व्यास, प्रथु प्रथिवके इसा,
फरसुराम अभिराम, यज्ञदत ए चोवीसा ।
तिनके पद अरविंद, वंद पुनि वंदन करहुं,
तिनही चरनकोरेनु, सदा मेरे शिर धरहूं ॥५॥
पादनि रेंन प्रसाद, खुले अनुभवके लोचन,
देख्या चैतन ब्रह्म, भया जिनतें भवमोचन ।
अब न परों भवकूप, रुप निज अपना पाया,
देवागुरु दयाल, दयाकर मोहि बचाया ॥ ६ ॥

॥ सोरठा ॥

देवागुरु दयाल, साहेब मेरे उर सदा;
कर्मभर्म अरु काल,उडगये जिनके वचन तें ॥७॥

महावाक्यको बोध, मोहि दीयो गुरु मेरकर;
लीयो सरुपहि सोध, भाग त्याग लक्षणा करी ८

॥ छंद गंभीर चोपाई ॥

अब हरिके अवतार, कथा तिनकी विस्तारो;
नामरुप गुणकर्म, सहित अब सबे उचारो ।
जो सब हरि अवतार, चार जुगजुगमें लीने;
मारी असुर अनंत, काज संतनिके कोने ॥९॥

प्रथमसु आदि वराह, रुप तिनतें प्रभुं धार्यों;
महाप्रबल हिरणक्ष, असुर तिनके हरि मार्यों ।
प्रथवी बहुरी पताल, रसातल हूती जलमें:
धरी दाढकी अग्र, थाप थिरकीनी पलमें ॥१०॥

ज्यों अपने करकमल, दसनपर कुंजर धारे;
त्यों हरि अपनें दसन, धरनिधर आप पधारे ।
धरी सूकरको रूप, आप इह चरीत दिखायो;
कीनो अदभुत करम, पराक्रम प्रगट प्रथायो.११

॥ इति वराह अवतार ॥

बहूरी परम हरिभक्त, जक्तमें सतवृत राजा;
मच्छरुप तब धार, कीयो तिनको हरिकाजा ।
तब तिनको बिन प्रलय,प्रलयकर जग दिखरायो;
भक्तिज्ञान विज्ञान, सकल तिनको समजायो.१२

॥ इति मच्छ अवतार ॥

बहुरि परम गंभोर, क्षोरसागर मथ लीनो;
करी मिलाप सुर असुर,मतो सब हिलमिल कीनो ।
तब तिन हिलमिल सबनि,सैल मंदीराचल आन्यो;
पुनि करनेंतो नाग,मथन तिनको जब ठान्यो.१३
तब मंदिराचल अचल, होत केसें करी जलमें;
तबहि कच्छ अवतार, प्रगट कीनो तहां पलमें ।
सो मंदराचल सैल, पीठ अपनीपर धार्यो ॥१४॥
तब तिनको ततकाल, सकल श्रम खेद निवार्यो ।
कर प्रचंड बल जुगल, बहुरी मथने जब लागे,
रतनाकर तें रतन, सकल निकसे तिन आगे ।

॥ रतनके नाम ॥

प्रथम गरल गजराज, अस्व मदिरा अरु अमृत;
कमला कौस्तुभ कमल. कल्पतरु कामदुघाकृत ।
रंभादिक हरिधनुप, चंद्रमा अरू घनवंतर;
रतनसंग अवतार, धार प्रगटे जल अंतर ।
सुर अपने जनजान, बहुरि चितहेत विचार्यो;
सुरनि सकल सुखदेन, रुप धनवंतर धार्यो १६

॥ इति धनवंतर अवतार ॥

रतनाकरतें रतन, जननकर अमृत काढयो:
सो पायो सब सुरनि, प्रबलबल तिनतें बाढयो।
देवासुर संग्राम, भयो तत्र तिनमें भारी;
मारे असुर अनंत, सुरनिकर साह्रे मुरारी. ॥१७
यह प्रकार सुरराज, काज कर सुख उपजायो;
मंगल मोद विनोद, अधिक आनंद बढायो ।

प्रभुजी बडो प्रचंड, दंड दैतनको दीनो;
धरी कमठ अवतार, कर्म यह अदभुत कीनो१८

॥ इति कच्छावतार ॥

॥ अथ सनकादिक अवतार ॥

पुनि ब्रह्मा सुत चार, भये चारो अवतारा;
सनकादिक अरु सनंद, सनातन सनतकुमारा ।
सनकादिक ऋषि चार, परम सुंदर सिसुबाला;
नित नौतन छबि अंग, रूचिर शिर केस विशाला
पंच वरसके सदा, पर्म सुंदर तन तिनके,
निरविकार निरधुंध, परम निरमल मन जिनके ।
हर्षन शोकन शंक, मानमद मोह न ममता;
समदरसी नित सांत, सदा सीतल चित समता ।
ब्रह्माकीट प्रयंत एक आतम करजाने;
